रांची, सोमवार, 28 अप्रैल 2025

संवत 2082, वैशाख शुक्ल प्रतिपदा - मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 233 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक





4 ▸▸ पहलगाम की घाटी में इंसानियत की हत्या

पाकिस्तान में रिलीज नहीं होगी सुनील शेट्टी की 'केसरी वीर' ◂◂ 6


# गुमला में सड़क हादसे में तीन युवक की मौत अज्ञात वाहन की चपेट में आए बाइक सवार



संवाददाता

**गुमला:** जिला में बीती रात भीषण सड़क हादसा हुआ है, जिसमें तीन युवकों की मौत हो गयी है। अज्ञात वाहन की टक्कर से से दुर्घटना हुई है, ये हादसा टोटो थाना क्षेत्र के खरका चौक के पास हुआ है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गयी है। सड़क हादसा की जानकारी मिलने के बाद टोटो थाना में पदस्थ एसआई इमानुएल कोंगाड़ी घटनास्थल पहुंचे। ग्रामीणों और पुलिस की मदद से तीन युवकों को रविवार रात सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद सभी को मृत घोषित कर दिया। तीनों की मौत के बाद की खबर मिलने के बाद उनके परिजनों के घरों में मातम पसर गया है। इस दौरान परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक युवकों की बहन की हाल ही में चंदाली गांव में शादी हुई थी। तीनों युवक बहन के घर चंदाली आए हुए थे। दरअसल युवक के माता-पिता ने बेटी के घर कुछ सामान देने के लिए युवकों को वहां भेजा था। रात को बहन के यहां खाना खाने के बाद तीनों ने घर जाने का फैसला किया। लेकिन बहन के ससुराल पक्ष के लोगों ने युवकों को रात में जाने से मना करते हुए कहा कि सुबह होते ही घर के लिए निकल जाना लेकिन युवकों ने रात में ही जाना की बात कही और तीनों युवक बाइक पर सवार होकर घर की ओर निकल दिए। इसी बीच खरका चौक के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने सभी के शवों को सदर अस्पताल से पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है। मृतकों में चेगरी के रहने वाले शिवचरण उरांव, रोहित उरांव और सतीश उरांव जो अरंगी झरिया टोली के रहने वाले हैं। इन सभी युवकों की उम्र 18 साल है।

## सड़क दुर्घटना में बस से टकराई पिकअप, चालक की दर्दनाक मौत



**गिरिडीह:** नेशनल हाइवे पर एक अनियंत्रित पिकअप वैन ने सड़क किनारे खड़ी बस को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वैन चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई है। यह घटना सोमवार सुबह की है। घटना को देखने के लिए स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। यह घटना गिरिडीह के बगोदर थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाइवे औंरा में हुई।

बताया जा रहा है कि बंगाल से बिहार की ओर जा रही यात्रियों से भरी बस, औंरा के पास नेशनल हाइवे के किनारे खड़ी थी। इसी बीच बंगाल से तेज रफ्तार पिकअप वैन ने पीछे से बस में टक्कर मार दी। इस घटना में वैन चालक की मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही जोरदार टक्कर की वजह से वैन के परखच्चे उड़ गए।

जानकारी के मुताबिक इस घटना में बस पर सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। घटना के बाद कुछ समय के अफरा-तफरी मच गई थी। चूंकि कुछ यात्री नींद में थे और घटना के बाद हुई आवाज से सभी सहम गए। बस का पिछला हिस्सा भी मामूली रूप से क्षतिग्रस्त हुआ है। स्थानीय निवासी शहादत अंसारी ने बताया कि सुबह चार बजे की यह घटना है।

बताया जा रहा है कि मृतक सरिया थाना क्षेत्र का रहने वाला था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वैन चालक स्टीयरिंग में हीं दब गया और उसकी मौत हो गई। क्रेन की मदद से ड्राइवर के शव को किसी तरह से बाहर निकाला गया।

## धालभूमगढ़ में सड़क हादसा, डिवाइडर से टकराई बाइक, 2 युवकों की मौत





**धालभूमगढ़ :** पूर्वी सिंहभूम के धालभूमगढ़ थाना अंतर्गत नुतनगढ़ पंचायत के कदमबेड़ा एनएच 18 पर रविवार की देर रात एक सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक बाइक से कोकपाड़ा से धालभूमगढ़ की ओर आ रहे थे। जानकारी के अनुसार दोनों युवक काफी तेज गति से बाइक चला रहे थे। इसी दौरान कदमबेड़ा के पास बाइक असंतुलित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे हादसा हो गया।

**पुलिस ने जब्त की दुर्घटनाग्रस्त बाइक :** इस दुर्घटना के बाद बाइक सवार धालभूमगढ़ के रहने वाले 24 वर्षीय किशलय कुमार सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि कापागोड़ा के रहने वाले 22 वर्षीय राजेश कालिंदी की मौत अस्पताल ले जाते समय हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक जब्त कर दोनों लाशों को पोस्टमॉर्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल में रखा है।

**मामा के घर में रह रहा था राजेश :** जानकारी के मुताबिक, राजेश कालिंदी वर्तमान में अपने मामा घर चारचाका में रह रहा था। सूत्रों के अनुसार दोनों युवक देर शाम बाइक लेकर कोकपाड़ा की ओर निकले थे। रात लगभग 2 बजे के बाद वे धालभूमगढ़ लौट रहे थे। उसी क्रम में यह दुर्घटना हुई। इस दौरान कई वाहन चालक जो धालभूमगढ़ के ढाबा में आकर रुके थे, उन्होंने बताया कि दोनों युवक काफी तेज रफ्तार से बाइक चला रहे थे। मृतक किशलय कुमार सिंह धालभूमगढ़ बोस कॉलोनी निवासी संजय सिंह के पुत्र हैं, जबकि राजेश कालिंदी कापागोडा निवासी दिलीप कालिंदी के पुत्र हैं।

## रिम्स निदेशक को हटाये जाने के आदेश पर हाईकोर्ट ने लगायी रोक, सरकार से मांगा जवाब




संवाददाता

**रांची :** राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स) के निदेशक डॉ राजकुमार को उनके पद से हटाये जाने के मामले में सरकार को झारखंड हाईकोर्ट के झटका लगा है। कोर्ट ने स्वास्थ्य मंत्रालय के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें डॉ राजकुमार को उनके पद से हटा दिया गया था। डॉ राजकुमार ने झारखंड सरकार के इस आदेश को चुनौती देते हुए झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। सोमवार 28 अप्रैल को हाईकोर्ट में उनकी याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान जस्टिस दीपक रोशन ने स्वास्थ्य मंत्रालय के आदेश पर रोक लगा दी। साथ ही सरकार को नोटिस भी जारी कर दिया।

**17 अप्रैल के झारखंड सरकार के आदेश पर लगी रोक :** जस्टिस दीपक रोशन ने केस की अगली तारीख 6 मई मुकर्रर कर दी। इससे पहले जस्टिस दीपक रोशन ने डॉ राजकुमार को रिम्स के निदेशक पद से हटाये जाने संबंधी 17 अप्रैल 2025 के स्वास्थ्य विभाग के आदेश पर रोक लगा दी। इसके बाद झारखंड सरकार को नोटिस जारी किया और अपना जवाब दाखिल करने के लिए कहा। केस की अगली सुनवाई 6 मई 2025 को होगी।

**रिम्स निदेशक ने हाईकोर्ट में दी ये दलील :** रिम्स के पूर्व निदेशक ने झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर सरकार के आदेश को नेचुरल जस्टिस और रिम्स नियमावली-2002 का सीधा उल्लंघन बताया। उन्होंने कहा कि रिम्स निदेशक पद पर उनकी नियुक्ति 3 वर्षों के लिए की गयी थी। उन पर झूठे आरोप लगाये गये और बिना उनका पक्ष सुने उन्हें निदेशक के पद से हटाने का आदेश जारी कर दिया गया। यह गलत है।

## कारोबारी से बदमाशों ने मांगी 25 लाख की फिरौती, नहीं देने पर घर पर चला दी गोली

संवाददाता

**रांची:** शहर में एक कारोबारी के घर पर अज्ञात अपराधी ने फायरिंग कर दी। घटना रांची के पुंदाग इलाके की है। फायरिंग की वारदात में कोई हताहत नहीं हुआ है। इस मामले को लेकर कारोबारी के द्वारा रांची के पुंदाग ओपी में एफआईआर दर्ज करायी गई है।

**क्या है पूरा मामला :** पुंदाग के रहने वाले सुभाष गुप्ता से एक तथाकथित उग्रवादी संगठन के नाम पर अपराधियों ने फोन कर उनसे 25 लाख रुपए की रंगदारी मांगी। कारोबारी द्वारा इनकार करने पर उनके घर पर गोलीबारी की वारदात को अंजाम दिया गया। घटना 25 अप्रैल की देर रात की है। इस संबंध में सुभाष गुप्ता ने पुंदाग ओपी में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

**क्या है आवेदन में :** सुभाष गुप्ता की ओर से थाना में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि 22 अप्रैल को एक व्यक्ति ने उन्हें फोन किया और कहा कि वह संगठन से बोल रहा है। संगठन को हथियार खरीदने के लिए तुरंत 25 लाख रुपए दो, नहीं तो इसका अंजाम भुगतना होगा। इसके बाद फोनकर्ता ने फोन काट दिया। सुभाष गुप्ता को यह लगा कि कोई उनसे मजाक कर रहा है। इसके बाद 25 अप्रैल की रात 11:30 बजे के करीब स्कूटी सवार कुछ अपराधियों ने उनके घर पर आकर फायरिंग की, फायरिंग में गोली उनके घर की दीवार में लगी है।

इस फायरिंग की घटना के बाद फिर 26 अप्रैल को उन्हें अपराधियों ने फोन किया और गोलीबारी की घटना के बारे में बताया और कहा कि अपने साथी को भेजे थे, लेकिन उनके साथी से तुमने मुलाकात नहीं की इसलिए तुम्हारे घर पर फायरिंग करनी पड़ी। 'अब तुम क्या करना चाहते हो, मरना पसंद करोगे या जिंदा रहना चाहते हो ये तय कर लो'।

**पूरे परिवार को मारने की धमकी :** फोन करने वाले ने सुभाष गुप्ता को बताया कि वे लोग उनके बारे में सब कुछ जानते हैं। ऐसे में फिर कारोबारी के पूरे परिवार के बारे में बताकर ये कहा कि जल्द से जल्द हथियार खरीदने के लिए राशि दो, नहीं दो अंजाम भुगतने को तैयार रहो। मामले की गंभीरता को देखते हुए सुभाष गुप्ता थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया।




## भारत सरकार का एक्शन : डॉन, एआरवाई और जियो न्यूज समेत कई पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों पर लगाया बैन

**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद भारत लगातार पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। इस बीच, भारत सरकार ने पाकिस्तान के कई यूट्यूब चैनलों पर कार्रवाई करते हुए उन पर प्रतिबंध लगा दिया है।

भारत सरकार के गृह मंत्रालय की सिफारिशों पर कई पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगाया गया है। ये चैनल जम्मू-कश्मीर में दुखद पहलगाम आतंकी घटना की पृष्ठभूमि में भारत, उसकी सेना और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ भड़काऊ और सामुदायिक रूप से संवेदनशील सामग्री, गलत और भ्रामक कथन प्रसारित कर रहे थे।

भारत ने जिन पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों पर कार्रवाई की है, उनमें डॉन न्यूज (19.6 लाख सब्सक्राइबर), इरशाद भट्टी (8.27 लाख सब्सक्राइबर), समा टीवी (1.27 करोड़ सब्सक्राइबर), एआरवाई न्यूज (1.46 करोड़ सब्सक्राइबर), बोल न्यूज (78.5 लाख सब्सक्राइबर), रफ्तार (8.04 लाख सब्सक्राइबर), द पाकिस्तान रेफरेंस (2.88 लाख सब्सक्राइबर), जियो न्यूज (1.81 करोड़ सब्सक्राइबर), समा स्पोर्ट्स (73.5 हजार सब्सक्राइबर), जीएनएन (35.4 लाख सब्सक्राइबर), उजैर क्रिकेट (2.88 लाख सब्सक्राइबर), उमर चीमा एक्सक्लूसिव (1.25 लाख सब्सक्राइबर), अस्मा शिराजी (1.33 लाख सब्सक्राइबर), मुनीब फारूक (1.65 लाख सब्सक्राइबर), सुनो न्यूज एचडी (13.6 लाख सब्सक्राइबर) और राजी नामा (2.70 लाख सब्सक्राइबर) पर प्रतिबंध लगाया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) की बैठक में भारत ने सिंधु जल समझौते को रोकने का फैसला किया है।

विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने बताया कि भारत ने सिंधु जल समझौते को फिलहाल रोकने का निर्णय लिया है। यह कदम भारत-पाकिस्तान संबंधों में बढ़ते तनाव के मद्देनजर उठाया गया है।

इसके साथ ही, सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों को सार्क के तहत जारी किए गए सभी वीजा छूट रद्द करने का फैसला भी किया है। इसके अलावा भारत में मौजूद पाकिस्तानी दूतावास को बंद करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। केंद्र सरकार ने पाकिस्तानी राजनयिकों को 48 घंटे के भीतर भारत छोड़ने का निर्देश दिया है।

इस फैसले के साथ ही अटारी बॉर्डर चेकपोस्ट को भी बंद किया जाएगा, जिससे भारत और पाकिस्तान के बीच जमीनी संपर्क भी समाप्त हो जाएगा। ये सभी फैसले भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और आंतरिक स्थिरता को ध्यान में रखते हुए लिए गए हैं।

भारत ने कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के मद्देनजर ये कदम उठाया है। इस हमले में 25 भारतीय नागरिकों और एक नेपाली नागरिक की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं।

## प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री के बीच हुई अहम मुलाकात, करीब 40 मिनट तक हुई बात



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। यह बैठक प्रधानमंत्री आवास, 7 लोक कल्याण मार्ग पर हुई। प्रधानमंत्री मोदी और रक्षामंत्री के बीच यह बैठक करीब 40 मिनट तक चली।

पीएम मोदी के पास जाने से पहले रक्षामंत्री ने सोमवार को ही आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी से रक्षा मंत्रालय में मुलाकात की थी। माना जा रहा है कि इस मुलाकात के दौरान राजनाथ सिंह ने सेना प्रमुख से सेना की तैयारी, पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद उठाए गए कदम और सीमाओं की स्थिति की जानकारी ली।

वहीं सोमवार को भारत और फ्रांस के बीच नौसेना के लिए 26 राफेल मरीन विमानों का सौदा भी होना है। इस डील से पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) द्वारा फ्रांस से 26 राफेल-एम लड़ाकू विमानों की खरीद को मंजूरी दी गई है। हाल ही में मिली इस मंजूरी के बाद अब यह डील होने जा रही है। इसके तहत नौसेना के लिए मरीन (एम) श्रेणी के राफेल लड़ाकू विमान खरीदे जा रहे हैं।

सोमवार को इससे जुड़े समझौतों पर नई दिल्ली में हस्ताक्षर किए जाएंगे। फ्रांस के रक्षा मंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बातचीत में शामिल होंगे। इस सब घटनाक्रम के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह प्रधानमंत्री से मिलने प्रधानमंत्री आवास पहुंचे थे। यहां दोनों नेताओं के बीच करीब 40 मिनट तक गंभीर वार्ता हुई है।

गौरतलब है कि पाकिस्तान की सेना पिछले चार दिनों से नियंत्रण रेखा के उस ओर से गोलीबारी कर रही है। भारतीय सेना ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया है। गोलीबारी का यह सिलसिला पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद शुरू हुआ है। इस बीच रविवार को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक हुई थी।

रक्षा मंत्री और जनरल अनिल चौहान की यह मुलाकात भी करीब 40 मिनट तक चली। माना जा रहा है कि इस दौरान आतंकवाद के खात्मे को लेकर जनरल अनिल चौहान ने रक्षा मंत्री को सैन्य रणनीति और तैयारियों से अवगत कराया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान की यह मुलाकात दिल्ली में रक्षा मंत्री के आवास पर हुई थी। माना जा रहा है कि रक्षा मंत्री के आवास पर पहुंचे चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ ने भारतीय सैन्य बलों की तैयारियों पर रक्षा मंत्री को जानकारी दी थी। रक्षा तैयारियों को लेकर रविवार को दिल्ली में बीएसएफ के अधिकारी भी मौजूद रहे। रविवार को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के डायरेक्टर जनरल दलजीत सिंह चौधरी गृह मंत्रालय गए थे।

## हमले ने हमें खोखला कर दिया : उमर अब्दुल्ला



**जम्मू :** जम्मू कश्मीर विधानसभा ने पहलगाम में पिछले सप्ताह हुए बर्बर आतंकवादी हमले पर दुख और पीड़ा व्यक्त करते हुए एक प्रस्ताव पेश किया। विधायकों ने सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने और विकास में बाधा डालने के नापाक इरादों को हराने के लिए दृढ़ता से लड़ने का संकल्प लिया। विधानसभा में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि माफी मांगने के लिए हमारे पास अल्फाज नहीं है। मैं मृतकों के परिजनों से क्या कहकर माफी मांगू। कोई कश्मीरी इस हमले के साथ नहीं है। 26 साल में मैंने पहली बार कश्मीरियों को घर के बाहर आते देखा। वे आतंक के खिलाफ घर के बाहर निकले। शायद ही कोई शहर या गांव के लोग हों जो बाहर नहीं निकले। विशेष सत्र के दौरान उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी ने प्रस्ताव पेश किया पहलगाम हमलों में 26 लोग मारे गए थे जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी ने यह प्रस्ताव पेश किया। सत्र की शुरूआत पिछले सप्ताह इस त्रासदी में मारे गए लोगों को कुछ पल का मौन रखकर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। प्रस्ताव में कहा गया है, ह्यह्यजम्मू कश्मीर विधानसभा अपने सभी नागरिकों के लिए शांति, विकास और समावेशी समृद्धि का माहौल बनाने और राष्ट्र तथा जम्मू कश्मीर के सांप्रदायिक सद्भाव और प्रगति को बाधित करने की कोशिश करने वालों के नापाक इरादों को दृढ़ता से हराने के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

# उत्कृष्ट कार्यों से है रोटरी रांची की पहचान : विपिन चाचन

- देने के सुख से बड़ा कोई सुख नही : दीपक श्रीवास्तव
- हर चेहरे पे मुस्कान लाना रोटरी का उद्देश्य : गौरव बागरॉय




मेट्रो रेज

**रांची :** रोटरी क्लब डिस्ट्रिक्ट 3250 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मेजर डोनर रोटेरियन विपिन चाचन ने फर्स्ट लेडी शिल्पी चाचन के साथ रोटरी रांची क्लब का अधिकारिक दौरा किया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने क्लब द्वारा संचालित परियोजनाओं को देखा और उनकी प्रशंसा की जिसमे प्रमुख रूप से गुरुनानक होम फॉर हेंडिकेप में जनसेवा के प्रति डाक्टर अनिल पांडेय के जूनून की प्रशंसा की । गवर्नर विपिन चाचन ने कहा कि भारत में पिछले सौ वर्षों से सामाजिक कार्यों में लगे रोटरी क्लब ने पोलियो उन्मूलन के बाद अब देश से अशिक्षा को दूर करने का बीड़ा उठाया है. इसके लिए रोटरी इंडिया लिटरेसी मिशन पूरे झारखंड बिहार में सक्रिय रूप से काम कर रहा है. इसके लिए 'टीच' नामक मैनेजमेंट सिस्टम बनाया गया है. इसका हर अक्षर एक विशेष प्रोजेक्ट है. टी अक्षर का अर्थ है टीचर्स सपोर्ट, ई का अर्थ है ई-लर्निंग, ए का अर्थ है एडल्ट लिटरेसी, सी का अर्थ है चाईल्ड डेवलपमेंट और एच का मतलब है हैपी स्कूल. इसी के आधार पर रोटरी क्लब अपने मिशन को पूरा करने में जुटा हुआ है. असिस्टेंट गवर्नर दीपक श्रीवास्तव ने रोटरी क्लब राँची द्वारा पर्यावरण सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, शुद्ध पेयजल आदि के लिए किये जा रहे कार्यों पर विस्तार से चर्चा की।

रोटरी राँची के अध्यक्ष गौरव बोगरॉय ने कहा कि रोटरी क्लब ने पोलियो को खत्म करने के लिए जो अभियान चलाया था, वह शत प्रतिशत सफल रहा। क्लब ने कई मरीजों का निःशुल्क उपचार कराया है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। आज रोटरी राँची ने बहुत ही सफलता के साथ रोटरी सत्र 24-25 का एक सौवां प्रोजेक्ट सदर अस्पताल रांची में पूरा किया ।

मानंद सचिव डॉ ख्याति मुंजाल ने कहा कि मानवता की सेवा के लिए रोटरी क्लब राँची पूरी तरह समर्पित है। सबको साथ लेकर चलना ही रोटरी क्लब का उद्देश्य है।

कार्यक्रम में मास्टर ऑफ शिरोमणि ललित त्रिपाठी ने कहा कि देने के सुख से बड़ा कोई सुख नहीं है, इससे हम दूसरों के चेहरे पर मुस्कान ला सकते हैं। हम तब खुश होंगे, जब हमारे पड़ोसी खुश हों। इस अवसर पर पूर्व गवर्नर अनिल सिंह, जोगेश गंभीर, राजीव मोदी, रेखा सिंह, विनय ढनढनिया, विनोद सरावगी, डॉ अनिल कुमार पांडेय, मुकेश तनेजा, जी सी सिंह, हरमिंदर सिंह, मंजू गंभीर, रेखा सिंह, पूनम छाबड़ा, शाहिद पॉल, सुरेश साबू, सुमित अग्रवाल, अजय दीप वाधवा, अमित अग्रवाल, अजय साबू, अजय जैन, पवन जायसवाल, कांता मोदी, एन के माखीजा, रविन्द्र चड्ढा, परमजीत चड्ढा,राबिया पॉल, अंकुर अनिल, रश्मि अग्रवाल, गौरव प्रशांत, गिरीश अग्रवाल, चरणजीत सिंह वासु, रजत बहल, भावना तनेजा, प्रवीण राजगढ़िया आदि उपस्थित थे।

### आठ नए सदस्य बने

मौके पे पूर्व गवर्नर सह डिस्ट्रिक्ट मेम्बरशिप चेयरमैन जोगेश गंभीर ने आठ नए सदस्यों को लेपल पिन पहना एवं शपथ ग्रहण करवा रोटरी की सदस्यता प्रदान की।

डॉ. अनिरबन सान्याल पैथोलॉजिस्ट, गुरबीर सिंह एफएमसीजी- रिटेल, कनिका मल्होत्रा ??कंसल्टेंट- मानव संसाधन, मेघा कपूर कंसल्टेंट- इंटीरियर डिजाइनिंग, राज कुमार अग्रवाल अकाउंटिंग- वित्तीय प्रबंधन, सरिता सिन्हा फर्नीचर- रिटेल, सिमी मेहता पॉलिसी रिसर्चर, सुधा ढांढानिया कंसल्टेंट- इंटीरियर

## अधिवक्ता परिषद की लातेहार जिला इकाई का पुर्नगठन



मेट्रो रेज

**लातेहार :** अधिवक्ता परिषद, झारखंड की लातेहार जिला इकाई के वित्तीय वर्ष 2025 - 2028 हेतु कार्यसमिति के पुनर्गठन की घोषणा प्रदेशाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार मिश्र ने आज लातेहार बार एसोसिएशन के भवन में की जो निम्नवत है :- संरक्षक :- सर्वश्री राजमणि प्रसाद व अनिल ठाकुर, अध्यक्ष :- राजीव रंजन पाण्डेय, उपाध्यक्ष सह लिटिगेशन आयाम प्रमुख :- मिथिलेश कुमार, उपाध्यक्ष सह आउटरीच आयाम प्रमुख :- संतोष रंजन, उपाध्यक्ष सह संगठन आयाम प्रमुख :- निरंजन गुप्ता, महामंत्री :- विनित कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष :- वासुदेव पाण्डेय, मंत्री सह लिटिगेशन आयाम सह प्रमुख :- प्रवीण सिंह, मंत्री सह आउटरीच आयाम सह प्रमुख :- रश्मि कुमारी, मंत्री सह संगठन आयाम प्रमुख :- रमन कुमार महतो, महिला प्रमुख :- तनु प्रिया, न्यायप्रवाह प्रमुख :- आनन्द रवि, कार्यसमिति सदस्यगण :- आशीष गुप्ता, कौशल पाण्डेय, विवेक कुमार गुप्ता, स्वप्निल कुमार, रजनीश सिंह, हरिओम पाण्डेय, उज्वल कुमार, विमल शर्मा व सुश्री प्रज्ञा सिंह। यह जानकारी झारखंड अधिवक्ता परिषद के प्रांत मीडिया सह प्रमुख श्री रीतेश कुमार बॉबी के द्वारा दी गई।

## मां सरस्वती के नवनिर्मित मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह, तैयारियां पूरी

मेट्रो रेज

**रांची :** विद्या की देवी मां सरस्वती जी का नव निर्मित मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह 29 एवं 30 अप्रैल 2025 को गुरुकृपा पब्लिक स्कूल जतरा मैदान, दयालनगर, पिस्कामोड़ मे धूमधाम से मनाई जाएगी।

मां सरस्वती जी के नवनिर्मित मंदिर का निर्माण विद्यालय परिसर में ही किया गया है इसकी पूरी तैयारी कर ली गई है।दो दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह कि अध्यक्षता विद्यालय के निदेशक रत्नेश सिंह सोलंकी करेंगे।उन्होंने बताया *29 अप्रैल 2025 को* प्रायश्चित संस्कार,कलश यात्रा,मंडप प्रवेश,वेदी पूजन,मूर्ति का अन्नाधिवास, पुष्पा घिवास, फलाधिवास, महाआरती,प्रसाद वितरण एवं 30 अप्रैल को मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा, हवन, पूणार्हुति, महा आरती एवं महाभंडारा का आयोजन होगा।



विद्वान पुजारी रवि शास्त्री जी के द्वारा भव्यरूप से पूजा अर्चना कराई जाएगी।दो दिवसीय कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चे रंगारंग धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। इस समारोह में अतिथि के रूप में निम्नलिखित गणमान्य लोगों की उपस्थिति रहेगी, रांची के सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, राज्यसभा सांसद महुआ मांझी, विधायक रांची सी.पी.सिंह, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, अल्पसंख्यक आयोग( झारखंड स्टेट मैन्युरिटीज कमीशन) के उपाध्यक्ष (राज्य मंत्री दर्जा ). ज्योति सिंह मथारू, विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय मुख्य संयोजक संतोष कुमार श्रेयांश, नाक,कान,गला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अभिषेक कुमार रामधीन, समाजसेवी मुकेश काबरा, लायंस क्लब रांची हरिकनक ग्रेटर के अध्यक्ष लायन राजेश केडिया,लायन प्रेम शंकर मिश्रा, अंकशास्त्री अभिषेक पांडे, छात्र क्लब मानव कल्याण मंच के वरीय संरक्षक विजय कुमार पाठक, वाणिज्यकर पदाधिकारी रांची नवीन प्रसाद साहू, सेंट जेवियर्स कॉलेज रांची के व्याख्याता ईभाना चक्रवर्ती, झारखंड रत्न डॉक्टर आर.के. हाजरा(वर्ल्ड क्लास एक्यूपंक्चर स्पाईन स्पेशलिस्ट),

आस्था चैनल एवं टी.सीरीज गायिका वीणाश्री, भारतीय लोक कल्याण संस्थान के निदेशक चंदेश्वर सिंह उर्फ नंदू जी, वरीय अधिवक्ता सोनाली भट्टाचार्य, लक्की एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी दीपक कुमार साहू, छात्र क्लब बुद्धिजीवी मंच के संरक्षक रवि मेहता आदि उपरोक्त समारोह को सफल बनाने में विद्यालय परिवार के निम्नलिखित लोगों की उपस्थिति रहेगी। स्वप्निल सिंह सरस,रानी किंगर,कोमल जसूजा,अनिता राय,पायल चक्रवर्ती, निशा शहदेव,विक्की घोष,पूनम प्रसाद, अंकिता दे सरकार, सुजाता तिवारी,मधु सिंह,रामप्रवेश दुबे, रिंकी पांडे, प्रीति कुमारी,मौसमी घोष,सोनू गोप,अर्जुन गोप,दीपक कुमार, अनीता टोप्पो,पम्मी ठाकुर,उषा वर्मा,लाली उरांव,निशा उरांव, नंदन कुमार, बिरज कुमार,काव्या कुमारी,तराना प्रिया आदि।

## चतरा में गौकशी करने वाले तथा गौ मांस खरीद-बिक्री करने के आरोप में पांच गिरफ्तार

**चतरा।** सदर थाना पुलिस ने रविवार को अभियान चलाकर प्रतिबंधित गौ मांस के साथ प्रतिबंधित मांस खरीद बिक्री करने वाले पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। अन्य भागने में सफल रहे। मौके से गौकशी के लिए रखे गए आठ से दस गाय भी बरामद की गई है। गिरफ्तार गौ तस्करों में कसाई मोहल्ला व खानका मस्जिद रोड़ निवासी मो इकबाल,मो अख्तर,मो शाहिद कुरैशी,मो अरबाज और मो अतलिम का नाम शामिल है। जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय को सूचना मिली थी कि शहर के खानका मस्जिद रोड और कसाई मोहल्ला में प्रतिबंधित गौ मांस की खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना के आलोक में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। गठित टीम ने शहर के खानका मस्जिद और कसाई मोहल्ला में छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान कुछ लोग प्रतिबंधित गौ मांस की खरीद-बिक्री करते पकड़े गए। जिसे पुलिस ने मौके से ही गिरफ्तार कर लिया। जबकि छापेमारी के क्रम में गौकशी के लिए रखे दस मवेशियों को भी बरामद किया। साथ ही गाय का मांस के साथ घटना में प्रयुक्त टांगी, छुरी सहित अन्य समान भी जब्त किया गया है। सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि पुलिस ने प्रतिबंधित मांस के साथ इसके खरीद बिक्री करने वाले पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि कांड में 10 नामजद और अज्ञात पर कांड संख्या 146/25 और दिनांक 27 अप्रैल 2025 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## प्रधानमंत्री आवास प्लस में नाम जोड़ने को लेकर किया जा रहा है सर्वे

**गिद्धौर (चतरा)।** पंचायत में प्रधानमंत्री आवास प्लस में नाम जोड़ने



को लेकर सलगा व रतनपुर गांव में घूम-घूम कर सर्वे किया। सर्वे कार्य रोजगार सेवक निर्मल कुमार दांगी के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान लगभग दो दर्जन आवास लेने लायक लाभुकों का सर्वे कर आवास पल्स में नाम जोड़ने का सर्वे किया।बताया गया कि आवास प्लस सर्वे कार्य अप्रैल माह तक ही सर्वे करने का समय निर्धारित है। जिसे लेकर पंचायत के विभिन्न गांव में आवास लेने लायक लोगों का सर्वे किया जा रहा है।

## श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे में 1100 से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया

मेट्रो रेज

**रांची।** रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक एवं धार्मिक संस्था श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजिड्ट) दिल्ली शाखा रांची शहर की जानी मानी समाजिक संस्था है।गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 53 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में आज रविवार दिनांक 27 अप्रैल 25 को रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के श्री कृष्ण प्रणामी सेवाधाम मंदिर (राधा-कृष्ण) मंदिर(मंगल राधिका सदानंद श्री कृष्ण प्रणामी सदगुरु कृपा अपना घर आश्रम) के प्रांगण में पुरश्री राँची जो रांची शहर की जानी मानी समाजिक संस्था है।संस्था की अध्यक्ष



प्रियंका जालान सचिव आदिति रश्मी कनोई,वंदना अग्रवाल एवं राधा ड्रोलियी ग्रुप एव पुरश्री संस्था के सदस्यों के सौजन्य से 204 वाँ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे के संयोजक विशाल जालान अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान सचिव मनोज कुमार चौधरी की देखरेख मे शहर की सुप्रसिद्ध समाजिक संस्था पुरश्री राँची के सदस्यों के द्वारा वहाँ के जरूरतमंद एव अभावग्रस्त ग्रामीणों मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओ,जरुरतमंद परिवार के सदस्यों मंदिर के सामने के गुजरने वाले राहगीरों एवं बच्चों के बीच 204 वाँ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का मुख्य मंदिर मे भोग अर्पित कर वितरण शुरू किया गया।आज संस्था के सदस्यो ने मंदिर में आये हुए पुरोहित के द्वारा पुरे विधि विधान से श्री राज श्यामा जी (राधा-कृष्ण) भगवान एव गुरू महाराज की फोटो पर चंदन वंदन कर अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद अर्पित कर वहा उपस्थित लगभग 1100 सभी महिलाओ, पुरूष श्रद्धालुओ को चंदन का तिलक करके भजन संकीर्तन कर सभी आये हुए श्रद्धालुओ को भगवान श्री राधा-कृष्ण जी की आरती देकर आज के 204 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण शुरू किया गया। आज के भंडारे मे संस्था ने भोजन के प्रसाद मे विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजनो में पुडी,आलु चना टमाटर मिश्रित सब्जी,भेजिटेबल पुलाव, आलु चिप्स का पैकेट,केसरिया जलेबी, केसरिया खीर का वितरण किया। आज पीडित मानव सेवा के पावन तीर्थ सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम राँची मे रहकर निराश्रित मानव स्वरूप प्रभु जी को भी पुरश्री राँची की अध्यक्ष प्रियंका जालान सचिव रश्मी कनोई एवं राधा ड्रोलियी ग्रुप के सदस्यों एव उनके परिवार के सदस्यो ने 50 से ज्यादा सद्गुरु कृपा अपनाघर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार) रहकर सेवा लाभ ले रहे निराश्रित प्रभुजी एव उनकी देखभाल करने वाले सेवादार सेवा साथियों को अपने हाथो भंडारे का प्रसाद खिलाकर उन मानव स्वरूप प्रभु जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री कृष्णा प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि आज के अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा के महान कार्य में विशेष रूप संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष निर्मल जालान,राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, विशाल जालान, पवन पौदार (ताउ), सुरेश अग्रवाल, पुर्णमल सर्राफ,सुरेश भगत, शिवभगवान अग्रवाल,जगदीश अग्रवाल अग्रवाल,अंजनी अग्रवाल चन्द्रदीप साहु,हरीश कुमार, कुमार, धीरज कुमार गुप्ता, परमेश्वर साहु, महेश वर्मा महिला समिति की वरिष्ठ सदस्या विधा देवी अग्रवाल,सरिता अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, बबीता अग्रवाल,उर्मिला पाडिया, शोभा जालान,बिमला जालान के अलावे कई महिला पुरूष सदस्य उपस्थित थे।

## न्यूज IN ब्रीफ

### राय स्टेशन पर जम्मूतवी एक्सप्रेस के ठहराव को लेकर रेल मंत्रालय से स्वीकृति मिली

**खलारी।** रांची लोकसभा क्षेत्र के राय की जनता की मांग पूरी हुई। इस स्टेशन पर जम्मूतवी एक्सप्रेस के ठहराव को लेकर रेल मंत्रालय से स्वीकृति प्रदान की गई। बहुत जल्द जम्मूतवी एक्सप्रेस का ठहराव इस स्टेशन पर आरंभ हो जाएगा। इस स्वीकृति के लिए पीएमनरेंद्र मोदी व केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी और केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ को खालारी मंडल भाजपा ,राय , बचारा,डकरा , खालारी की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया है पिछली बैठक में रेलवे महाप्रबंधक हाजीपुर और डीआरएम धनबाद की बोर्ड मीटिंग में सांसद श्री संजय सेठ की ओर से एजेंडा में राय स्टेशन पर जम्मू तवी एक्सप्रेस ट्रेन की ठहराव की मांग की गई थी। पुन: रेलवे बोर्ड नई दिल्ली की बैठक से पूर्व केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री रेल मंत्री से मिल कर ट्रेन ठहराव पर सहमति बनी।इस अवसर पर आभार व्यक्त करने वाले में शैलेंद्र शर्मा निवर्तमान अध्यक्ष भाजपा खालारी मंडल, अनिल गंझू अध्यक्ष भाजपा खालारी मंडल, कार्तिक पाण्डेय,अरविंद सिंह,फुलेश्वर महतो , शशिभूषण सिंह ,विकास सिंह , भरत रजक ,आनंद झा ,अश्वनी दराद पुर बीजेपी अध्यक्ष टंडवा पिपरवार, धीरेन्द्र प्रसाद, शोखी महतो, शत्रुंजय सिंह, शशि प्रसाद साहू, किरण देवी, गोपाल सिंह, दीनानाथ सिंह, दिनेश्वर सोनी, नागदेव सिंह, प्रदीप कुमार ठाकुर , चतुर्गुण भुईयां ,श्याम सुन्दर सिंह,राजीव चटर्जी , कृष्णा चौहान ,आनंद कुमार सिंह,विकास दुबे , रमेश विश्वकर्मा ,राजू गुप्ता, रामसूरत यादव, रितेश केशरी, गणेश महतो ,कमलेश महतो,रामेश्वर महतो ,रूपलाल महतो,दिलीप पासवान,भारत प्रजापति, मिथिलेश प्रजापति, रविभूषण, रतन लाल, प्रदीप कुमार सिंह,दिनेश गुप्ता, जितेंद्र भारतीय , सुबोध रजक, जितेंद्र पांडेय, शिव कुमार चौधरी, शशिका आदि शामिल हैं।

### बेटी की शादी से पहले घर में लगी भीषण आग

**चतरा।** प्रतापपुर थाना क्षेत्र निवासी चंद्र यादव की बेटी की शादी से ठीक



पहले उनके घर में भीषण आग लग गई। इस हादसे में शादी के लिए जमा किया गया लाखों रुपये का गृहस्थी का अनाज, कपड़ा और नकद जलकर खाक हो गया। यह घटना दोपहर में तब घटी, जब पूरे परिवार ने सदस्य विवाह उत्सव की तैयारियों में जुटे थे। चन्द्र यादव ने एक-एक पाई जोड़कर बेटी की शादी के लिए दहेज का सामान और नकदी एकत्र की थी। अचानक घर में आग लगने से पूरा सामान राख हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाने की कोशिश की गई, लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था। आग का धधक इतनी तेज थी कि एक बकरी भी मौके पर जलकर खाक हो गई। हालांकि परिजनों ने बताया आग कैसे लगी यह हमलोग को पता नहीं है। इस हृदयविदारक घटना ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है।घर में अगलगी की घटना के बाद बाद भुक्तभोगी चंद्र यादव के बड़े पुत्र ने मीडिया से अपील करते हुए स्थानीय प्रशासन से सहयोग की मांग की है। उन्होंने कहा कि आगामी 17 को हमारी बहन की शादी थी जिसको लेकर मेरा पूरा परिवार लगभग तैयारी कर चुका था। शादी के लिए कपड़ा राशन और घर में रखे नगद भी जलकर खाक हो गया है। ऐसे में इस आग लगी की घटना के बाद मेरा पूरा परिवार सड़कों पर आने के लिए मजबूर हो गया है। मैं प्रतापपुर प्रखंड के शासन प्रशासन से मांग करता हूं कि आगामी 17 में को हमारी बहन के विवाह में कुछ सहयोग किया जाए जिससे हमारे घर की शादी संपन्न हो सके।

आग लगने से पूरे परिवार में चीख पुकार मचने लगी जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों की लाखों हजारों कोशिश के बावजूद भी घर में रखें सामान को नहीं बचाया जा सका।

### सिमरिया एसडीओ ने यज्ञस्थल का किया निरीक्षण

**चतरा।** सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) सन्नी राज एवं पत्थलगड़ा अंचलाधिकारी (सीओ) उदल राम ने रविवार को पत्थलगड़ा प्रखंड के नावाडीह डमौल मुख्यालय स्थित मोरशेरवा पहाड़ी मंदिर परिसर का दौरा किया। यहां आगामी 2 मई से 10 मई तक आयोजित होने वाले श्री श्री 108 श्री अष्टभुजी दुर्गा माता शिव हनुमत विश्वकर्मा प्राण प्रतिष्ठा रूद्र चंडी महायज्ञ के सफल आयोजन के लिए विधि व्यवस्था का जायजा लिया गया।निरीक्षण के दौरान एसडीओ सन्नी राज ने कहा, ₹श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए जाएंगे। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए पुलिस बल की तैनाती एवं आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।₹वहीं अंचलाधिकारी उदल राम ने कहा, ₹यज्ञ स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए हैं। हमारा प्रयास रहेगा कि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो।₹ निरीक्षण के दौरान यज्ञ समिति के पदाधिकारियों से बैठक कर प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा भी की गई। मौके पर जिला परिषद सदस्य रामसेवक भगत, पंचायत मुखिया प्रतिनिधि मेघन दांगी, समाजसेवी रामचंद्र दांगी, यज्ञ समिति के अध्यक्ष व सदस्य के अलावे थाना के एसआई विजय कुमार सहित अन्य पुलिस बल मौजूद रहें।

### पहलगाम में हिंदुओं की नृशंस हत्या के विरोध में सिंघानी में फूटा जनाक्रोश

**चतरा।** कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा हिंदुओं की धर्म पूछकर की गई बर्बर हत्या के खिलाफ रविवार की शाम को सिंघानी गांव में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला। सैकड़ों ग्रामीण हाथों में तख्तियां थामे सड़कों पर उतरे और पाकिस्तान के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।रैली के दौरान ₹पाकिस्तान मुदार्बादर₹, ₹नीम का पत्ता कड़वा है, पाकिस्तान भड़वा है₹ और ₹पाकिस्तानी होश में आओ, वरना नेस्तनाबूद हो जाओ₹ जैसे गगनभेदी नारों से पूरा इलाका गूंज उठा।उपस्थित ग्रामीणों ने पाकिस्तान की कायराना हरकतों की घोर निंदा करते हुए कहा कि इस कृत्य ने एक बार फिर उसकी विकृत मानसिकता को उजागर कर दिया है। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की कि अब निर्णायक कार्रवाई का समय आ गया है और पाकिस्तान में घुसकर आतंकवाद की जड़ों को समाप्त किया जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री को पूर्ण समर्थन देने का संकल्प लिया और कहा कि समूचा देश उनके साथ मजबूती से खड़ा है।रैली में महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। उन्होंने ₹पाकिस्तानी भारत छोड़ो₹ के नारों के साथ पाकिस्तान को चेतावनी दी कि अब भारत में किसी भी शत्रुतापूर्ण तत्व को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस विरोध प्रदर्शन में सिंघानी पंचायत की मुखिया राधिका देवी, पंचायत समिति सदस्या मीना कुमारी, बेबी देवी, पिंकी देवी, प्रीति कुमारी, शंकर राम, सूरज राम, दीनदयाल राम, सुखसागर राणा, सोनल चंद्रवंशी, गौतम कुमार, विशाल कुमार, डॉ. प्रकाश दागी, अनिल राणा, निकेतन सिन्हा, मुखिया प्रतिनिधि संजय दांगी, पिंटू केसरी, रिशु सिन्हा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणजन व महिलाएं शामिल रहीं। रैली के उपरांत ग्रामीणों ने पंचायत क्षेत्र के विभिन्न गांवों का भ्रमण किया और कैंडल मार्च के जरिए शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का समापन सिंघानी चौक पर दो मिनट का मौन रखकर किया गया, जहां उपस्थित जनसमूह ने एक स्वर में आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

### पुर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न

**चतरा।** नया कोर्ट परिसर स्थित सर्किट हाउस में रविवार को पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष अरविंद ओझा और संचालन सचिव अवध कुमार भारती ने किया। वहीं अधिकारी का दायित्व ह. कैप्टन दिलीप कुमार सिंह निभाया। बैठक में सर्वप्रथम पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद पर्यटकों के लिए दो मिनट का मौन रखा गया और उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

बैठक में सर्वसम्मति से चतरा जिला की नए कार्यकारिणी समिति का चुनाव किया गया। कार्यकारिणी समिति में जिला अध्यक्ष मोहन कुमार साहा, उपाध्यक्ष जय जीत कुमार सिंह, सचिव महेश बांडों, उपसचिव प्रेमचंद प्रसाद, मीडिया प्रभारी धनेश्वर साहु, उप मीडिया प्रभारी किशुन राम, चतरा सदर प्रखंड अध्यक्ष राम बचन साव, सदर प्रखंड सचिव बाल किसुन बांडों, हंटरगंज प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश उपाध्याय और आरा पंचायत अध्यक्ष सुरेश मिंज बनाए गए। बैठक में उपस्थित केंद्रीय अध्यक्ष अरविंद ओझा ने सभी नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। साथ ही सभी सैनिकों/अर्धसैनिको को एकजुट रहने की सलाह दी। बैठक में आए नए सदस्यों को फुल माला पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय उप कोषाध्यक्ष बासुदेव साहु, कार्यकारिणी सदस्य दिलीप सिंह, पुर्व मीडिया प्रभारी रमन साहु, प्रखंड अध्यक्ष किशुन राम, मयूरहंड प्रखंड अध्यक्ष सुभाष सिंह, हंटरगंज प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश उपाध्याय, ओमप्रकाश सिंह, धनेश्वर साहु, प्रेमचंद प्रसाद, विनोद कुमार, जयजीत सिंह, रामबचन साव, गेरेगोरी लिंडा, श्यामनंदन सिंह, महेश बांडों, सुरेश मिंज, बाल किसुन बांडों, प्रवीण कुमार, बोना फीस लिंडा, काजल कुमारी, शहीद सहेंद्र के पिता मोहन साव, शहीद भुवनेशनर गोप की पत्नी सरिता कुमारी आदि सैकड़ों लोग शामिल हुए। अंत में भारत माता की जयघोष और बंदे मातरम की उद्घोष के साथ बैठक सम्पन्न की गई।

# मंईयां योजना के लाभुकों के लिए आधार सीडिंग कैंप कल

संवादाता

**रांची :** झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के लिए 29 अप्रैल को पंचायत स्तर पर आधार सीडिंग कैंप का आयोजन किया जायेगा। उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री के निदेश पर सीडिंग कैंप जिले के सभी पंचायतों में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक लगेगा।

जिला प्रशासन ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को कैंप के सफल संचालन के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने का निर्देश पहले ही जारी कर दिया है।




**शहरी क्षेत्र के लाभुक बैंक शाखा में कराएं आधार सीडिंग :** शहरी क्षेत्र के लाभुकों के लिए भी 29 अप्रैल को बैंक शाखाओं में आधार सीडिंग की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी, जहां वे अपने बैंक खाते से आधार लिंक करवा सकते है।

**इन लाभुकों को आधार सीडिंग कराना अनिवार्य :** वे लाभुक जिनके बैंक खाते में 3 अप्रैल 2025 या उसके बाद एकमुश्त तीन महीने की सम्मान राशि ट्रांसफर की गयी है, उन्हें इस शिविर में आकर अपने बैंक खाते को आधार से लिंक कराना अनिवार्य है। जिन लाभुकों ने 3 अप्रैल 2025 से पहले राशि प्राप्त की है, उनका खाता पहले से ही आधार से लिंक हैं। इसलिए उन्हें शिविर में आने की जरूरत नहीं है।

**क्यों जरूरी है बैंक को आधार से लिंक कराना :** अप्रैल 2025 से सम्मान राशि का भुगतान केवल आधार लिंक्ड बैंक खातों के माध्यम से किया जायेगा, इसलिए जिन लाभार्थियों का अभी तक आधार बैंक खाता से लिंक नहीं हैं, उन्हें आधार सीडिंग कराना आवश्यक है।

# महिला थानादार प्रभारी श्वेता कुजूर सस्पेंड

**रामगढ़ :** रामगढ़ शहर के नईसराय, महतो टोला में पायल कुमारी के साथ लैंगिक अपराध हुआ था। इस मामले की जांच में महिला थानेदार श्वेता कुजूर ने भारी लापरवाही बरती थी। एसपी अजय कुमार के दिए गए निदेशों का भी अनुपालन नहीं कर पाई थी। रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने इस लापरवाही को बेहद गंभीर आरोप माना है। उन्होंने रविवार को स्पष्ट कर दिया कि आवेदिका के आवेदन की जांच में शिथिलता बरती गई। इसकी वजह से पायल ने अपने शरीर में आग लगा ली। इस मामले में उन्होंने महिला थानेदार प्रभारी श्वेता कुजूर को सस्पेंड कर दिया है।

रढ अजय कुमार ने बताया कि पायल कुमारी के बयान पर 24 अप्रैल को महिला थाना में कांड संख्या 6/25 दर्ज किया गया था। बीएनएस की धारा 69, 352, 115 (2), 61(2) धारा के तहत सुमित कुमार, पप्पू सिंह, आलोक सिंह को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। सभी वेस्ट बोकारो ओपी के ड्राइवर हार्ट के रहने वाले हैं। उन तीनों लोगों की गिरफ्तारी के लिए एसपी ने विशेष टीम का गठन किया। जांच टीम गठित टीम के द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए बिहार राज्य के बाढ़ और दानापुर तथा रामगढ़ जिले के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की गई। मुख्य आरोपित सुमित कुमार, पप्पू सिंह और आलोक सिंह को रामगढ़ जिले के वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। रढ अजय कुमार ने बताया कि पायल कुमारी का इल्जाम था कि उसका यौन शोषण सुमित कुमार ने शादी का झांसा देकर किया था। जब पायल को ऐसा लगा कि सुमित उसे धोखा दे रहा है, तो वह न्याय के लिए पुलिस के पास पहुंची। एसपी ने तत्काल पहल करते हुए महिला थानेदार को पूरे तथ्यों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। महिला थाना प्रभारी लगातार टालमटोल करती रही, जिसकी वजह से पायल जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में भी पहुंची। एसपी ने बताया कि महिला लैंगिक अपराध और पोस्को एक्ट से संबंधित कांडों का त्वरित अनुसंधान समय पर करने का निर्देश दिया गया था। महिला लैंगिक अपराध और पोस्को एक्ट से संबंधित कांडों की समीक्षा भी की गई थी। ऐसे मामलों को 60 दिनों के अंदर निष्पादित करने को कहा गया था। लेकिन इस मामले में भारी लापरवाही बरती गई।

## झारखंड में आज से बिगड़ेगा मौसम 4 दिन बारिश का ऑरेंज अलर्ट

### 60 की स्पीड से चलेंगी हवाएं

संवाददाता

**रांची :** झारखंड में आज से मौसम बिगड़ने के आसार हैं। राजधानी रांची समेत झारखंड के मौसम में बदलाव होते ही गर्मी से राहत मिली है। रांची समेत विभिन्न जिलों का अधिकतम तापमान 10 डिग्री तक गिर गया। शनिवार की रात खत्म होने से पहले ही रांची समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में बादल छाए रहे। दोपहर के बाद रांची के कुछ क्षेत्रों में छिटपुट बारिश हुई। बंगाल की खाड़ी से आ रही पूर्वी हवा का जोर रहा। इससे मौसम दिन में ठंडा रहा।

मौसम विभाग के अनुसार, झारखंड में 28 अप्रैल से लेकर 1 मई अप्रैल तक तेज हवा और गरज के साथ बारिश होने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में अगले तीन दिन हवा की रफ्तार 60 किमी प्रतिघंटे या इससे अधिक भी हो सकती है। अगले 24 घंटे के दौरान कहीं-कहीं ओलावृष्टि की भी संभावना है। सोमवार और बुधवार को राज्य के विभिन्न हिस्सों में आंधी के साथ बारिश होगी।

मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार अगले 24 घंटे के दौरान रांची समेत झारखंड के पूर्वी और इससे सटे जिलों में आंधी चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस परिवर्तन से भी लोगों को गर्मी से काफी राहत की उम्मीद जताई जा रही है।

**क्या है सिस्टम :** मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर प्रदेश के मध्य भाग से लेकर बांगलादेश के उत्तरी हिस्से तक एक निम्न दबाव का क्षेत्र बिहार से होकर गुजर रहा है। वातावरण के ऊपरी स्तर पर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पश्चिमी हवा का रुख है। खाड़ी से लगातार आ रही नमी के कारण झारखंड का मौसम बदल रहा है।

### फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन की बैठक संपन्न

## झारखंड में जल्द हो झारखंड राज्य व्यापारी कल्याण आयोग का गठन : दीपेश निराला

### पंडरा बाजार समिति की समस्याओं से पदाधिकारियों को कराया अवगत




संवाददाता

**रांची :** पंडरा रोड स्थित होटल स्टार लोटस में फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक अध्यक्ष दीपेश निराला की अध्यक्षता में अवगत हुई, जिसमें पंडरा के उपस्थित सदस्यों ने बताया कि पंडरा बाजार समिति में सिक्योरिटी गार्ड का टेंडर 31 मार्च, 2025 को खत्म हो गया है, इसके बाद यहां पर चोरी की घटनाएं बढ़ गई है और 2 दुकानों में चोरी की वारदात हुई है, लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में बैलट बॉक्स को प्रशासन द्वारा सुरक्षित रखने के लिए 3 महीने तक यहां पर व्यापारी परेशान होते हैं, इसके विकल्प के रूप में उपस्थित व्यापारियों ने बताया कि खेलगांव स्थित स्टेडियम में इसकी व्यवस्था की जाय, तो पंडरा का व्यापार प्रभावित नहीं होगा।

महासचिव सत्येंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि व्यापारियों को यदि कोई समस्या होती है तो उसको लिखित रूप में संगठन को प्रेषित करें, ताकि उस पर फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन समुचित कार्रवाई कर सकें।

बैठक में उपस्थित ऋषि शाहदेव ने कहा कि बैंक्वेट हॉल ओनर को अभी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि रांची नगर निगम उनसे ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के तहत नक्शे की मांग कर रहा है और हर जगह का बैंक्वेट हॉल का पक्का कंस्ट्रक्शन नहीं है और अधिकतर जगह अस्थाई कंस्ट्रक्शन बनाकर ओपन फील्ड में बैंक्वेट हॉल का संचालन हो रहा है, जिसका नक्शा रांची नगर निगम पास नहीं करती है,ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन में हर बैंक्वेट हॉल अपना नक्शा नहीं दे सकता है।

#### फेडरेशन का वर्किंग कमिटी का गठन किया गया

मौके पर उपस्थित सदस्यों को उनका सदस्यता प्रमाण पत्र और आई कार्ड वितरित किया गया।

बैठक में अध्यक्ष दीपेश निराला, उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह और रेणुका तिवारी, महासचिव सत्येंद्र प्रसाद सिंह, संयुक्त सचिव हरीश नागपाल, कार्यकारिणी सदस्य शाहिद आलम, आज के कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर सुमित कुमार, सहित जयंत कुमार कार, श्रेयांश बोथरा जैन, आशीष जायसवाल, बजरंग जैन, मुकेश कुमार, चंदन कुमार गुप्ता, सुनील कुमार भदानी, कौशिक भदानी, राकेश कुमार गुप्ता, संजय कुमार अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, आयुष कुमार, डॉ अजय कुमार विश्वकर्मा, संदीप कुमार गुप्ता, चंदन जैन, सुषमा सिंह, संतोष साहू, ऋषि शाहदेव, इत्यादि सदस्य उपस्थित हुए। धन्यवाद ज्ञापन महासचिव सत्येंद्र प्रसाद सिंह ने किया।

## मारवाड़ी समाज ने पहलगाम हमले के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**रांची:** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले के विरोध में रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वावधान में संपूर्ण मारवाड़ी समाज ने एक विशाल आक्रोश रैली और कैंडल शांति मार्च का आयोजन किया. यह मार्च शाम में अपर बाजार दुर्गा मंदिर (बकरी बाजार) से शुरू हुआ जो विभिन्न मार्गों से होते हुए अल्बर्ट एक्का चौक तक पहुंचा। आतंकवाद के विरुद्ध उठी इस हुंकार में समाज के सैकड़ों पुरुष और महिलाएं शामिल हुए. हाथों में तिरंगा थामे, बाजुओं पर काली पट्टी बांधे और मोमबत्तियां जलाए, हर चेहरा आतंकवाद के प्रति गहरे आक्रोश और शहीदों के प्रति श्रद्धा से भरा हुआ था. रैली में पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे से हजारों युवा आगे बढ़ते जा रहे थे। मार्च के दौरान वक्ताओं ने आतंकियों द्वारा निर्दोष हिंदू नागरिकों की नृशंस हत्या की तीखी निंदा की. कहा कि सनातन समाज इस क्रूरता से आक्रोशित है. उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब दिया जाए और आतंकवाद का जड़ से खत्म किया जाए । अल्बर्ट एक्का चौक पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शहीदों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया और ईश्वर से प्रार्थना की गई. वक्ताओं ने कहा कि इन आत्माओं का बलिदान हमें एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक संघर्ष के लिए प्रेरित कर रहा है. मां चैती दुर्गा मंदिर के सामने पाकिस्तानी झंडे को रोड पर बिछाकर आतंकवादियों के खिलाफ विरोध दर्ज किया गया। मौके पर कमल कुमार केडिया, भागचंद पोद्दार, ललित कुमार पोद्दार, विनोद कुमार जैन, मनोज कुमार चौधरी, पवन शर्मा, पवन पोद्दार, अनिल कुमार अग्रवाल, संजय सर्राफ, प्रमोद सारस्वत, चंडी प्रसाद डालमिया, पवन मंत्री, गोपाल मुरारका, सज्जन पाड़िया, कौशल राजगढ़िया, अशोक नारसरिया, निर्मल बुधिया, अंजय सरावगी, कमलेश संचेती, राजेंद्र केडिया, आशीष अग्रवाल, सौरभ बजाज, आनंद जालान, प्रमोद बगड़िया, अजय खेतान, आशीष डालमिया व कमल शर्मा मौजूद थे। इसके अलावा पदम जैन, किशन साबू, रौनक झुनझुनवाला, विनीता सिंघानिया, पूजा अग्रवाल, नरेश बंका, किशन अग्रवाल, अजय डीडवानिया, राजकुमार मित्तल, श्याम सुंदर शर्मा, वासुदेव भाला, नरेंद्र लखोटिया, विशाल पाड़िया, सुनील पोद्दार, अजय बजाज, भरत बगड़िया, विजय खोवाल, रमाशंकर बगड़िया, मनोज खेतान, राहुल अग्रवाल, अनिल कुमार अग्रवाल सहित सैकड़ों समाजसेवी मौजूद थे।

## मुस्लिम संगठनों ने निकाला कैंडल मार्च, कहा- पूरा देश एकजुट

**रांची :** मुस्लिम संगठनों की ओर से शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया गया। मेन रोड सैनिक मार्केट परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में संगठन के लोगों ने मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। हाथों में मोमबत्ती लिए लोगों ने पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की। घटना की निंदा करते हुए लोगों ने कहा कि पाकिस्तान अपने नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। बेगुनाह नागरिकों की निर्मम हत्या सीमा पर प्रायोजित आतंकवाद हताशा है। कश्मीर की आम जनता विधानसभा चुनाव के नये सिरे से मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं, जो पाकिस्तान समर्थित आतंकियों को पसंद नहीं आ रहा है। लोगों ने कहा कि विपदा की इस घड़ी में पूरा देश एकजुट है। कैंडल मार्च के दौरान लोगों ने कहा कि कुछ विपदा के इस घड़ी में हिन्दू-मुस्लिम का कार्ड खेलकर घिनौनी राजनीति कर रहे हैं। सुरक्षा चूक और इतने लोगों की हत्या को लेकर नैतिकता के आधार पर गृह मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए। कार्यक्रम में तारिक मुजीब, एजाज गद्दी, असफर खान, फिरोज जिलानी, शहीद अय्यूबी, महफूज आलम, सज्जाद इदरीसी, फिरोज जिलानी, मोहम्मद शमीम, तनवीर अहमद, शकील अंसारी, शोएब अंसारी सहित कई लोग शामिल थे।

## वरीयता से ग्रेड-4 वेतनमान का रास्ता साफ होने पर संघ ने जतायी खुशी

**रांची :** जेपीएससी प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड की बैठक रविवार को जिला कार्यालय रातू रोड में हुई। बैठक में सदस्यों ने झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश पर खुशी जताई। साथ ही कोर्ट के आदेश को विभाग द्वारा लागू नहीं किए जाने पर निराशा व्यक्त किया गया। सदस्यों ने फैसला लिया कि कोर्ट के निर्देश को लागू कराने के लिए विभाग से आग्रह किया जाएगा। सदस्यों ने कहा कि वर्ष 2003-04 एवं उसके बाद नियुक्त प्रशिक्षित प्राथमिक शिक्षकों को नियुक्ति नियमावली 2012 के आधार पर 2016 में नियुक्त वर्ग 6-8 से वरीय मानते हुए वर्ष 2015 से ग्रेड-4 (ग्रेड पे 4600 रुपये) का लाभ देने का निर्णय था। कोर्ट के इस निर्णय से लंबे समय से लंबित वरीयता की मांग पूरी हुई और 2016 में नियुक्त वर्ग 6-8 के शिक्षकों पर वरीयता का दावा मजबूत हुआ। बैठक में राज्य स्तर से सगुना तिर्की, शिवकुमार सिंह और जिला स्तर से अध्यक्ष सुदीप कुमार, सचिव शमीम अहमद अंसारी, शमीम रजा, मधुमिता, जया मलिक, विभा कुमारी, सचिंद्र समेत कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## युवा महावीर दल ने निकला कैंडल मार्च

**रांची :** युवा महावीर दल के नेतृत्व में पंचमुखी मंदिर धुर्वा से रविवार की शाम पाकिस्तान के खिलाफ आक्रोशपूर्ण कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च सेक्टर-2 बाजार होते हुए पुराने विधानसभा भवन तक पहुंचा। इस दौरान पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ खूब नारेबाजी हुई। सभा स्थल पर शहीदों की याद में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आलोक कुमार दुबे ने कहा कि धर्म के नाम पर राजनीति करने वालों को देश ने नकार दिया है। भारत की असली पहचान गंगा-जमुनी तहजीब में है, जिसे हर भारतवासी ने अपनाया है। इस रैली में संजीत यादव, मंटू यादव, बिट्टू कुमार, अभिषेक साहू, रविशंकर सिंह, परमेश्वर राम, बबलू शर्मा, रंजन यादव, परमेश्वर राम, मेहुल दूबे, अमित कुमार, माहेश्वरी कुमारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## मारवाड़ी युवा मंच ने बेबी किट का वितरण किया

**रांची :** मारवाड़ी युवा मंच, समर्पण शाखा की ओर से रविवार को नवजात बच्चियों के बीच बेबी किट का वितरण किया गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, विषय पर महिलाओं ने नागरमल मोदी सेवा सदन में नवजात बच्चियों के बीच बेबी किट का वितरण किया।

# छात्रों, युवाओं के अधिकारों का हो रहा हनन : केशव महतो

संवाददाता

**रांची :** तीन मई को होने वाली संविधान बचाओ रैली की सफलता के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में रविवार को बैठक आयोजित की गई। इसमें विभिन्न प्रकोष्ठों, मोर्चा, विभागों के पदाधिकारी शामिल हुए। केशव महतो कमलेश ने कहा कि देश के छात्रों, युवाओं विभिन्न समुदायों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। संविधान के अनुसार देश की शासन व्यवस्था नहीं चल रही है, बल्कि संविधान के प्रावधानों को कुचल कर तानाशाही रवैये के साथ निरंकुश शासन प्रणाली अपनायी जा रही है। छात्रों का भविष्य, युवाओं के सपने, महिलाओं का सम्मान, नागरिकों का आत्म सम्मान कुचला जा रहा है। अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरे लोगों की आवाज कोई नहीं सुन रहा। न्यायपालिका को परोक्ष रूप से धमकाने की कोशिश की जा रही है। संविधान की मूल प्रस्तावना को तार-तार करने का प्रयास किया जा रहा है, इसके विरोध में कांग्रेस खड़ी है, कांग्रेस उनके मंसूबों को जन सहयोग से पूरा नहीं होने देगी।



प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि कांग्रेस के मोर्चा-संगठनों को संविधान के संदर्भ में महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, युवाओं, महिलाओं और किसानों के बीच विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। समाज के इन प्रमुख वर्गों के बीच जागरुकता फैलने से आम लोगों को स्वतः संवैधानिक अधिकारों के बारे में जानकारी होगी। संविधान बचाओ अभियान अगले 40 दिनों तक पूरे प्रदेश में चलाया जाएगा और गंभीरता के साथ इस अभियान की समीक्षा की जाएगी। एनएसयूआई को विशेष कर पोस्टर व पंपलेट के माध्यम से शिक्षण संस्थानों, महिला कांग्रेस को स्वयंसेवी संस्थाओं और महिला समिति से संपर्क कर अभियान की जानकारी देकर रैली में सम्मिलित करने की मुहिम चलाने का निर्देश दिया गया। युवा कांग्रेस को विभिन्न युवा संगठनों, धार्मिक-सामाजिक संगठनों के माध्यम से सामाजिक गतिविधियां चलाने वाले युवाओं से संपर्क कर अभियान एवं रैली के संबंध में जागरूक करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, शहजादा अनवर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, प्रदीप तुलस्यान, जयशंकर पाठक, संजय पांडेय, अमूल्य नीरज खलखो, आलोक कुमार दुबे, राजेश गुप्ता छोटू, सोनाल शांति, अभिलाष साहू, शकील अंसारी, अमरिंदर, राजन वर्मा, राकेश किरण महतो, कुमार राजा, राकेश किरण महतो, विनय उरांव, सूर्यकांत शुक्ला, सुरजीत नाग वाला, अख्तर अली, जोसाई मार्डी, प्रशांत पांडेय, बबलू शुक्ला, पप्पू अजहर, मेरी तिर्की, राजू वर्मा, नीतू देवी, धीरज सिंह, संजय कुमार, अनीता टोप्पो, रुस्तम अली, महमूद अली, सीमा साहू और पार्वती सिंह उपस्थित थे।

## 26 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया

**रांची :** जीतो संस्था के पूर्व अध्यक्ष पायल सेठी व श्रवण सेठी ने अपनी 25वीं सालगिरह के मौके पर 26 जोड़ियों का सामूहिक विवाह कराया। विवाह डंगरा टोली के एक होटल संपन्न हुआ। सैकड़ों लोग विवाह के साक्षी बनें। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की शामिल हुईं और सभी वर-वधुओं को आशीर्वाद दिया। विवाह के बाद गृहस्थ के सामान उपहार स्वरूप दिये गये। बंधु तिर्की, सांसद महुआ माजी, आईजी अखिलेश झा, डीटीओ अखिलेश कुमार, अजयनाथ शाहदेव, जयशंकर पाठक, उमादेवी, प्रदीन नारसरिया, नरेंद्र कुमार गंगवाल, झूमरमल सेठी, नरेंद्र पांड्या, अनंत काला, अमित रारा, प्रतीक मोर, पिंटू मुरारका, प्रियंका पाटनी, सरोज पांड्या, अनिता पांड्या सहित कई अन्य सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं के लोग उपस्थित थे।

## रातू की 14 पंचायतों में झामुमो की पंचायत कमेटी गठित

**रांची :** झामुमो संयोजक मंडली प्रमुख बेलाल अंसारी की अध्यक्षता में रविवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड की 14 पंचायतों में पंचायत कमेटी गठित की गई। इस दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा में कई नए सदस्यों ने सदस्यता ली। इसमें तारामणि लिंडा, सुधीर कुमार, सूरज प्रमाणिक, कृष्ण प्रमाणिक, दिलावर अंसारी, तस्लीम खान आदि मौजूद थे। बैठक में शमीम मंसूरी, पाब इरुस तिर्की, राजेंद्र मिर्धा कमरूल हक, राजेश सिंह, दिनेश तिग्गा, बबलू मिंज, असलम अंसारी, सिंदबाद खान, प्रदीप किस्पोट्टा, आसिफ मंसूरी, सैयद फिरोज, अल्ताफ अंसारी, एनके यादव, अनीता टोप्पो, शिल्पा कुमारी और चारो उरांव आदि मौजूद थे।

## राज्य भर के अभियंताओं को मजिस्ट्रेट ड्यूटी से बाहर रखे सरकारः संघ

**रांची :** झारखंड अभियंत्रण सेवा संघ की आम बैठक रविवार को करमटोली में प्रेस क्लब में हुई। बैठक में सरकार से कार्य संपादन के दौरान जिले में लग रही मजिस्ट्रेट ड्यूटी से बाहर रखने की मांग की गई। बताया गया कि मजिस्ट्रेट ड्यूटी में लगाए जाने से गुणवत्ता पूर्ण कार्य संपादन करने में काफी परेशानी अभियंताओं को हो रही है। वहीं, वर्ष 2022 बैच में नियुक्त सहायक अभियंता को 2023 में प्रोन्नत सहायक अभियंता की आपसी वरीयता सूची में संशोधन किया जाए। संगठन से जुड़े अभियंताओं ने केंद्र की तर्ज पर सहायक अभियंता का नाम सहायक कार्यपालक अभियंता करने की मांग झारखंड सरकार से की। इसके अलावा संगठन के संविधान में संशोधन को लेकर भी आपस में चर्चा हुई। बैठक में संगठन के पदधारी के अलावा राज्यभर से आए सदस्य व प्रतिनिधि शामिल हुए।

## रेलमंडल में फायर शेफ्टी पर शपथ कार्यक्रम हुआ

**रांची :** मंडल रेलप्रबंधक जसमीत सिंह बिंद्रा के नेतृत्व में फायर सेफ्टी शपथ कार्यक्रम मंगलवार को डीआरएम कार्यालय में हुआ। स्वास्थ्य सेवा केंद्रों में अग्नि सुरक्षा के उच्चतम मानकों को बनाए रखना कार्यक्रम का उद्देश्य था। मौके पर एडीआरएम हेमराज मीणा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजू तिर्की, अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ मनीषा वर्मा, अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ ब्रजेश साहू, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शुचि सिंह, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राजा मौजूद थे।

## सुविचार

**मेहनत अगर आदत बन जाए, तो सफलता ही तकदीर बन जाती है।**

## पाकिस्तान पर शिकंजा कसे भारत

पहलगाम आतंकी हमले का जवाब देते हुए भारत ने कुछ सख्त कदम उठाए हैं। इनमें सबसे अहम है सिंधु जल समझौते को निलंबित करना। उरी में आतंकी हमले के बाद भारतीय पीएम ने कहा था कि सिंधु में जल और खून एक साथ नहीं बह सकते। इस बार सरकार इसी पर आगे बढ़ी है। हालांकि इतना काफी नहीं है। पुलवामा और पहलगाम जैसी घटनाओं से बचने के लिए ज्यादा निर्णायक और सटीक कदम उठाने की जरूरत है। भारत ने पुलवामा का जवाब बालाकोट से दिया था। वह अप्रत्याशित और साहसिक कदम था। हालांकि इसके बाद भी सीमा पार आतंकवाद खत्म नहीं हुआ। इसकी वजह है आतंकियों तक पहुंचने वाली वह सप्लाई चेन, जिसे पाकिस्तान चालू रखे हुए है। वह पिछले कुछ साल से गंभीर आर्थिक संकट में फंसा हुआ है। उसकी गाड़ी क्टऋ और कुछ सहयोगी देशों के कर्ज से किसी तरह चल रही है। इसके बाद भी वह आतंकवादी गतिविधियों के लिए फंडिंग का जुगाड़ कर लेता है। भारत को इसी फंडिंग को खत्म करना होगा। हथियारों पर रोकः पाकिस्तान का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता चीन है। इस्लामाबाद अपने 81% हथियार पेइचिंग से लेता है। इसके बाद नंबर है अमेरिका का। इन्हीं हथियारों का इस्तेमाल फिर भारत के खिलाफ किया जाता है। नई दिल्ली को इस बारे में दोनों देशों के साथ स्पष्ट बात करनी चाहिए। 2019 का उदाहरण भी दुनिया के सामने है, जब अमेरिकी रोक के बावजूद पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ ऋ-16 का इस्तेमाल किया था। दुनिया को यह बताने की जरूरत है कि पाकिस्तानी सेना को दी गई एक भी गोली किसी टेरर कैंप में पहुंच सकती है। अमेरिका और भारत के करीबी रिश्ते हैं। दूसरी ओर, चीन के साथ सीमा विवाद भले हो, लेकिन आर्थिक रिश्ते मजबूत हैं। 2024 में दोनों के बीच 118 अरब डॉलर से ज्यादा का व्यापार हुआ और इसमें पलड़ा चीन की तरफ झुका हुआ है। अमेरिका और चीन - दोनों को भारत का बाजार चाहिए। भारत को अपनी इस मजबूत आर्थिक हैसियत का फायदा उठाते हुए साफ कर देना चाहिए कि पाकिस्तान को अब और आर्थिक मदद नहीं। इसी तरह की बातचीत यूएई और सऊदी अरब के साथ भी होनी चाहिए, जहां से इस्लामाबाद को आर्थिक मदद मिलती रहती है। पड़ोसी देश के छेड़े छद्म युद्ध से निपटने के लिए भारत को अपना रुख बेहद कड़ा करना होगा। इस दो टूक बातचीत में कोई हिचक नहीं होनी चाहिए कि जो देश पाकिस्तान को आर्थिक या सैन्य मदद देंगे, वे भारत का भरोसा खोएंगे।

### चीन की चाल

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने अपने बयान में पहलगाम के अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने की बात कही है, लेकिन स्टेटमेंट देखकर लगता है कि इससे बात नहीं बनेगी। दरअसल, जब तक स्थायी सदस्य के रूप में चीन आतंक को सहारा देने वाले पाकिस्तान को बचाता रहेगा, तब तक किसी तरह के बदलाव की उम्मीद करना बेमानी है। पहलगाम पर वठरउ के बयान की भाषा बेहद कमजोर रही, 2019 के पुलवामा अटैक के बाद आए बयान से भी कमजोर। तब सभी देशों से भारत सरकार के साथ सक्रिय रूप से सहयोग करने का आह्वान किया गया था। इस बार की अपील सभी संबंधित अधिकारियों के साथ सहयोग करने की है। भारत सरकार शब्द होने से पाकिस्तान पर ज्यादा दबाव पड़ता। लेकिन, उसे बचाने के लिए एक बार फिर चीन आगे आ गया। आतंकवाद के मसले पर पाकिस्तान सुधर नहीं सकता, अतीत ने कम से कम इतना तो सिखा दिया है, लेकिन चीन का रवैया भी कम सवालों के घेरे में नहीं। दुर्भाग्य से उसकी आतंकवाद को लेकर कोई एक नीति नहीं है। पाकिस्तान में जब चीनी नागरिकों को निशाना बनाया जाता है, तब चीन को उसमें आतंकवाद नजर आता है, लेकिन मौका मिलने पर वह मसूद अजहर जैसे आतंकियों को बचाने से गुरेज नहीं करता।

ऐसा नहीं है कि चीन मुस्लिमों का रहनुमा है। उसने अपने शिनच्यांग प्रांत को दुनिया की सबसे बड़ी जेल में तब्दील कर रखा है। चीनी संस्कृति का ज्ञान देने के नाम पर वीगर मुस्लिमों को डिटेंशन कैंपों में रखा जाता है। इसके खिलाफ कई मानवाधिकार संगठन आवाज उठा चुके हैं, लेकिन चीन का कहना है कि उसकी लड़ाई आतंकवाद और अलगाववाद के खिलाफ है। दुर्भाग्य से, बात जब भारत की आती है, तो आतंकवाद को लेकर पेइचिंग का नजरिया बदल जाता है। भारत-चीन के रिश्ते उतार-चढ़ाव भरे रहे हैं और इसकी बुनियाद में सीमा विवाद है। पाकिस्तान को वह भारत को परेशान करने के टूल के रूप में इस्तेमाल करता आया है। हालांकि नई दिल्ली को अब इस बारे में स्पष्ट बात करनी चाहिए। एक तरफ कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर शुरू होने जा रही है, जो रिश्तों में बेहतरी दिखाती है और दूसरी ओर पाकिस्तान का बचाव - चीन दोहरी चाल नहीं चल सकता। पहलगाम की तटस्थ जांच के लिए पाकिस्तान का प्रस्ताव बताता है कि वह कमजोर और अलग-थलग पड़ रहा है। भारत के पक्ष को दुनिया बेहतर ढंग से समझ रही है। यही बात चीन को भी समझानी होगी।

# पहलगाम की घाटी में इंसानियत की हत्या

**जम्मू-कश्मीर के पहलगाँव में बर्फीली वादियाँ पर्यटकों का स्वागत कर रही थीं। नवविवाहित जोड़े, बच्चे, बुजुर्ग झ सबको उम्मीद थी कि कश्मीर की हवा में सुकून मिलेगा, तनाव से कुछ राहत मिलेगी। लेकिन तभी आतंक की आहट हुई। बंदूकें गरजीं। और उस वादी में जहाँ बर्फ गिरती है, अब खून बहा। राजस्थान से आया एक नवविवाहित दंपत्ति भी उन्हीं पर्यटकों में था। दोनों ने अभी पांच दिन पहले ही शादी की थी। वो अपने हनीमून के लिए कश्मीर आए थे।**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाँव में हुए आतंकी हमले में जहाँ हिन्दू पर्यटकों को उनका नाम गोली मार दी गई। ये हमला सिर्फ एक हत्या नहीं, बल्कि धार्मिक पहचान के आधार पर की गई घृणा और आतंक का प्रतीक है तो है ही, वहीं इंसानियत की भी हत्या है। यह घटना भारत की एकता, नागरिक सुरक्षा और धार्मिक सहिष्णुता पर चोट बताकर चेतावनी देती है कि यदि अब भी ठोस कदम नहीं उठाए गए तो अगला शिकार कोई और होगा। यह घटना शोक प्रकट करने की बजाय जवाबदेही, निर्णायक कार्रवाई और सामाजिक चेतना की मांग करती है, ताकि आतंक के आगे इंसानियत बार-बार न मरे।

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

22 अप्रैल की सुबह के कुछ शांत लम्हे। जम्मू-कश्मीर के पहलगाँव में बर्फीली वादियाँ पर्यटकों का स्वागत कर रही थीं। नवविवाहित जोड़े, बच्चे, बुजुर्ग झ सबको उम्मीद थी कि कश्मीर की हवा में सुकून मिलेगा, तनाव से कुछ राहत मिलेगी। लेकिन तभी आतंक की आहट हुई। बंदूकें गरजीं। और उस वादी में जहाँ बर्फ गिरती है, अब खून बहा। राजस्थान से आया एक नवविवाहित दंपत्ति भी उन्हीं पर्यटकों में था। दोनों ने अभी पांच दिन पहले ही शादी की थी। वो अपने हनीमून के लिए कश्मीर आए थे। लेकिन शायद किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। आतंकियों ने गाड़ी रोकी, नाम पूछा, पहचान की और फिर गोली मार दी। युवक हिन्दू था। बस यही उसके मरने की वजह बन गई। सिर में गोली लगी। मौके पर ही दम तोड़ दिया। उसकी पत्नी, जिसके हाथों की मेंहदी अभी भी गीली थी, स्तब्ध खड़ी थी। शोक से ज्यादा वो एक अनकहे डर में जमी हुई थी-जैसे समय वहीं थम गया हो। यह सिर्फ एक आतंकी हमला नहीं था। यह योजनाबद्ध नरसंहार था। एक सोच के तहत, एक धर्म के आधार पर। आज आतंकवाद महज क्षेत्रीय या वैचारिक लड़ाई नहीं रह गया है। यह अब धार्मिक पहचान को मिटाने का एक उपकरण बन चुका है। यह हत्या बताती हैं कि कुछ तत्व अब यह तय कर चुके हैं कि कौन जिएगा, कौन मरेगा और यह फैसला नाम पूछकर किया जाएगा। क्या यही इंसानियत है, क्या यही ह्यकश्मीरियतह्न है, जिसके नाम पर हम वर्षों से शांति की दुहाई दे रहे हैं। सोशल मीडिया पर उस पत्नी की तस्वीर वायरल हुई, जो अपने पति के शव को निहार रही थी। न चीख, न रोना, न प्रतिरोध। बस एक स्थिर मौन- जो पूरी व्यवस्था पर सबसे कठोर आरोप बन गया। उस मौन में एक सवाल छुपा है हमने क्या गलत कियाह्न क्या एक जोड़े का कश्मीर आना, उसकी सुंदरता देखना, उसकी वादियों से प्यार करना अब गुनाह बन चुका है। हमें समझना होगा कि इस तस्वीर में केवल एक महिला नहीं थी, बल्कि उस पूरे राष्ट्र की आत्मा थी, जख़्मी, असहाय और शर्मसार। हर हमले के बाद सरकार की ओर से एक तैयार स्क्रिप्ट आती है- निंदा, मुआवजा, जाँच। लेकिन जवाबदेही कहीं नहीं होती। क्या यह सवाल नहीं पूछा जाना चाहिए कि घाटी में आतंकियों को खुलेआम चलने-फिरने की छूट कैसे मिलती है। वे नाम पूछकर कैसे किसी को गोली मार सकते हैं और फिर बच निकलते हैं। क्या पर्यटन सीजन में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती नहीं होनी चाहिए। क्या जम्मू-कश्मीर प्रशासन को यह नहीं पता कि ऐसे हमले पर्यटन, अर्थव्यवस्था और भारत की एकता झ तीनों पर हमला करते हैं।

जब भी भारत आतंक के खिलाफ सख़्ती दिखाता है तो मानवाधिकार की दुकानें खुल जाती हैं। दिल्ली, लंदन, न्यूयॉर्क झ हर जगह के तथाकथित बुद्धिजीवी अचानक ह्यसंवेदनाह्न से भर जाते हैं। लेकिन जब किसी हिंदू नागरिक को सिर्फ उसके नाम के कारण सिर में गोली मारी जाती है, तब यही आवाजें खामोश हो जाती हैं। क्यों? क्या एक विशेष समुदाय के पीड़ितों के लिए ही संवेदना है। क्या हिन्दू होना अब मानवाधिकार के चश्मे से अदृश्य हो जाना है।

पहलगाँव हमला केवल एक व्यक्ति की हत्या नहीं है, यह भारत की आत्मा पर हमला है। यह संदेश देने की कोशिश है कि ह्ययहाँ तुम्हारी जगह नहीं हैह्न। यह भारत की एकता, समरसता और धर्मनिरपेक्षता को चुनौती है। यदि हमने इस चुनौती को केवल ट्वीट और मोमबत्तियों से उत्तर दिया, तो अगला निशाना कोई और शहर, कोई और नाम, कोई और नवविवाहित होगा।हमेशा की तरह, इस हमले के पीछे जिस आतंकी संगठन का नाम आया - द रेजिस्टेंस फ्रंट वह लश्कर-ए-तैयबा का ही नया अवतार है। इसकी जड़ें पाकिस्तान में हैं। लेकिन अंतरराष्ट्रीय मंच पर पाकिस्तान अभी भी आतंकवाद का शिकार देश बना बैठा है। संयुक्त राष्ट्र, अमेरिका, यूरोप झ सभी को यह साफ-साफ कहना चाहिए कि धार्मिक आधार पर नागरिकों की हत्या केवल एक देश का नहीं, बल्कि वैश्विक मानवता का संकट है। भारत को अब दो टूक निर्णय लेने की जरूरत है। कश्मीर में आतंक का सामना केवल पुलिस नहीं कर सकती, इसके लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति चाहिए। अलगाववाद की नर्म परतों को उखाड़ फेंकना होगा। धार्मिक पहचान के नाम पर फैलाई जा रही नफरत को सामाजिक स्तर पर भी चुनौती देनी होगी। इसके साथ-साथ, हमें यह तय करना होगा कि कश्मीर में पर्यटन केवल ह्यस्वर्गह्न दिखाने का सौदा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता का सेतु है और इस सेतु की रक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है।हर आतंकी हमले के बाद हम कुछ दिन दुखी होते हैं, फिर भूल जाते हैं। लेकिन उस स्त्री के लिए, जिसने अपने पति को खोया, वह महिलाएं जिन्होंने अपने सुहाग, वह बच्चे जिन्होंने अपने पिता और वह बहनें जिन्होंने अपने भाई खोए हैं। जो लहूलुहान सपनों के साथ अकेले रह गए हैं, उन सभी के लिय यह घटना एक जीवन भर का घाव है। हमारी संवेदना केवल सोशल मीडिया पोस्ट तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। हमें पूछना चाहिए कि कब तक हम अपने नागरिकों की रक्षा नहीं कर पाएँगे। कब तक हम आतंकी हमलों पर केवल मोमबत्तियाँ जलाते रहेंगे?

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# सामुदायिक हिंसा का बढ़ता खतरा

**भारत के आसपास पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ हमले और हिंसा बढ़ गई हैं। नेपाल जैसे देश में भी रामनवमी जुलूस पर हिंसा को अंजाम दिया गया। भारत के पड़ोसी इस्लामिक देश में हिन्दुओं की स्थिति बद से बदतर है, जबकि ये कभी भारत के हिस्सा थे। यहाँ हिन्दुओं पर लगातार धार्मिक उत्पीड़न और हिंसा की घटनाएं भारत की चिंता को बढ़ा दिया है। आतंकवाद से लड़ रहे भारत के सामने सामुदायिक हिंसा की घटनाएं बड़ी चुनौती बन रहीं हैं।**

भारत में हिन्दुओं पर सामुदायिक हिंसा की बढ़ती घटनाओं ने सरकार और देश की सुरक्षा व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। अपने ही देश में बहुसंख्य हिन्दू हिंसक घटनाओं का शिकार हो रहा है। वैसे सामुदायिक और नस्लीय हिंसा पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय है। लेकिन भारत के आसपास पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ हमले और हिंसा बढ़ गई हैं। नेपाल जैसे देश में भी रामनवमी जुलूस पर हिंसा को अंजाम दिया गया। भारत के पड़ोसी इस्लामिक देश में हिन्दुओं की स्थिति बद से बदतर है, जबकि ये कभी भारत के हिस्सा थे। यहाँ हिन्दुओं पर लगातार धार्मिक उत्पीड़न और हिंसा की घटनाएं भारत की चिंता को बढ़ा दिया है। आतंकवाद से लड़ रहे भारत के सामने सामुदायिक हिंसा की घटनाएं बड़ी

**प्रभुनाथ शुक्ल**

चुनौती बन रहीं हैं। सबसे अहम मुद्दा यह है कि अपने देश में ही हिन्दू बाहुल्य होने के बाद भी वह सामुदायिक हिंसा का शिकार बन रहा है। जबकि चीन में उइगर मुसमानों का दमन किसी से छुपा नहीं है, लेकिन चीन के खिलाफ पाकिस्तान, बांग्लादेश खामोश हैं। कश्मीर के पहलगाम में हुआ नरसंहार इसका ताजा उदाहरण है। भारत में इस तरह की हिंसा के पीछे वोट बैंक के लिए राजनीतिक तुष्टिकरण सबसे बड़ी समस्या है। भारत में हिन्दुओं पर हिंसक हमले इस्लामिक आतंकवाद की एक सोची समझी रणनीति है। पाकिस्तान, बांग्लादेश में हिंदुओं का सफाया हो रहा है, जबकि अफगानिस्तान में हिन्दुओं की आबादी गिनती पर आ गईं है। भारत में इस तरह के सामुदायिक और धार्मिक दंगे भड़काने के लिए पाकिस्तान मूल रूप से जिम्मेदार है। लेकिन हम इस तरह की बात कर अपनी जिम्मेदारी से बच भी नहीं सकते हैं। भारत इस्लामिक आतंकवाद से तो हमेशा से पीड़ित रहा है। लेकिन हाल के वर्षों में राजनैतिक कारणों और उसके फैसलों से देश में सामुदायिक हिंसा, प्रदर्शन और पत्थरबाजी की घटनाएं बढ़ गईं हैं। दोनों समुदायों में एक दूसरे के प्रति नफरत और डर का माहौल पैदा हुआ है। इस तरह की सामुदायिक हिंसा के पीछे सामाजिक, आर्थिक, राजनीति, सोशलमीडिया और धार्मिक कारण मुख्य हैं, जिसकी वजह से ऐसी घटनाएं देश के धार्मिक और सांप्रदायिक तानेबाने को विभाजित करती दिखती हैं। जम्मू -कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को पाकिस्तानी आतंकवादियों ने जिस तरह निर्दोष पर्यटकों का नरसंहार किया, वह मानवता के खिलाफ है। इस हिंसा में 26 लोगों की मौत हुई और कई घायल हुए। आतंकवादियों ने सिर्फ हिन्दुओं को निशाना बनाया और उनका धर्म पूछ कर उन्हें गोली मारीं । हालांकि की कश्मीर में इस नरसंहार को लेकर काफी गुस्सा देखा जा रहा है। इस बात पर भी गुस्सा है कि हमले में सिर्फ हिन्दू मारे गए। लोगों का कहना है कि पर्यटकों की जान बचाने के लिए एक मुस्लिम भी मारा गया। अब पूरा कश्मीर पीड़ित परिवारों के साथ है। देश के कई हिस्सों में मुस्लिम संस्थाओं ने प्रदर्शन कर पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी भी की है। इस साजिश के पीछे हाल में पाकिस्तान आर्मी चीफ जनरल कियानी की तरफ दिया गया वह उकसाऊ बयान भी अहम माना जा रहा है, जिसमें उन्होंने भारत व हिन्दुओं के खिलाफ भड़काने वाला बयान दिया था। कियानी के बयान के ठीक कुछ दिन बात पहलगाम में आतंकी हमला हुआ है, जिसमें पर्यटकों का धर्म पूँछ कर नरसंहार किया गया। यह पाकिस्तान की सोची समझी रणनीति है, क्योंकि वह भारत से सीधी जंग में कभी नहीं जीत सकता है। ऐसी स्थिति में वह हिन्दुओं को निशाना बनाकर भारतीय मुसलमानों का मसीहा बनना चाहता है। खैबर पख्तून में बलोच आर्मी की तरफ से किए ट्रेन हाईजैक के पीछे वह भारत का हाथ मानता है। जिसकी वजह से वह बौखलाया था और बदले के लिए बेताब था। उधर कश्मीर में धारा 370 खत्म होने के बाद कश्मीर आहिस्ता-आहिस्ता विकास की मुख्यधारा में लौट रहा है। आतंकी घटनाएं कम हुईं हैं। पर्यटकों की आमद बढ़ने लगी है। सेबों की खेती लहलाहने लगी है। यह सब देख पाकिस्तानी फौज में बौखलाहट है जिसकी वजह से वह इस तरह की सामुदायिक हिंसा की साजिश रच रहा है। कश्मीर में सामुदायिक हिंसा की यह पहली घटना नहीं है। आतंकवादियों ने पुलवामा जैसी घटनाओं को अंजाम दिया है। कश्मीर में साल 2019 के बाद धारा 370 लागू होने के बाद यह पहली सबसे बड़ी आतंकी नरसंहार की घटना है। दूसरा अहम कारण ये कि कश्मीर के राजनैतिक और अलगाववादी कभी शान्ति और विकास नहीं चाहते हैं। क्योंकि धारा 370 खत्म होने के बाद उनकी तमाम स्वतंत्रता जहाँ बाधित हुईं, वहीं आर्थिक नुकसान हुआ है। वहां के राजनेताओं और अलगाववादियों का पाकिस्तान प्रेम दुनिया में जगजाहिर है। इसके बावजूद धारा 370 का खात्मा, तीन तलाक कानून और वक्फ संशोधन जैसे राजनैतिक फैसले इस आग में घी का काम किया है। हालांकि यह आम मुसलमानों और कश्मीरियों की सोच नहीं है। यह सिर्फ अलगाववादियों की सोच है। इस घटना में केंद्र और राज्य सरकार अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकतीं। जब वहां काफी तादात में पर्यटकों की आमद हो रहीं थी तो पर्यटकों की सुरक्षा के लिए सेना और राज्य पुलिस के जवानों की तैनाती क्यों नहीं की गईं। कियानी के विभाजनकारी संदेश को हमारी सरकार, खुफिया एजेंसिया और सुरक्षा एजेंसिया नहीं समझ पाईं। ऐसे संवेदनशील पर्यटक स्थलों पर सुरक्षा के सख्त इंतजाम होने चाहिए थे। राज्य में इस तरह की घटनाएं पर्यटन उद्योग और उसकी संभावनाओं पर पानी फेरती हैं। हम अपनी चूक और नाकामियों से नहीं बच सकते। यह गंभीर मंथन का विषय है। कश्मीर के पर्यटन स्थलों पर हमें सुरक्षा व्यवस्था को सख्त रखना होगा। भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने होंगे। यह हमला भारत की आत्मा पर है यह राजनीति का वक्त नहीं है। सारा देश गुस्से में है। रणनीति बनाकर पाकिस्तान और आतंकवाद को सबक सिखाने की जरूरत है। कश्मीर के पूर्व बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ संशोधन कानून के विरोध में हिन्दुओं को जिस तरह निशाना बनाया गया, वह किसी से छुपा नहीं है। इसके अलावा रामनवमी जुलूस पर महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश भी सुनियोजित तरीके से हिन्दुओं पर हमले हुए। उत्तर प्रदेश में संभल किसी से छुपा नहीं है। वहां किस तरह हिन्दुओं का उत्पीड़न हुआ, उसे कौन नहीं जानता। हिंसक हमलों में उनकी संपत्तियों और मंदिरों को नष्ट किया गया। पश्चिम बंगाल राज्य में हिन्दुओं को पलायित होना पड़ा। पीड़ित हिन्दू बंगाल पुलिस की मदत के लिए चिल्लाते रहे, लेकिन कोई सुरक्षा नहीं मिली। बाद में बंगाल उच्च न्यायालय के आदेश के बाद हिंसा प्रभावित इलाके में केंद्रीय बल पंहुचा। यही हाल बांग्लादेश का है। भारत ने पाकिस्तान से अलग कराया उसी बांग्लादेश में पाकिस्तान की सह पर अतिवाद पांव पसार रहा है। बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद हिन्दुओं के घरों, व्यवसायों और मंदिरों पर बड़े पैमाने पर हमले हुए। यूएन की एक रिपोर्ट में बताया गया कि हिन्दुओं को लक्षित कर हमले किए, जिसमें 1400 लोगों की मौत हुईं। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि बांग्लादेश में साल 2024 की हिंदुओं के खिलाफ 2200 हिंसक घटनाएं दर्ज की गईं। भारत -पाकिस्तान के विभाजन के बाद पाकिस्तान में हिन्दुओं की आबादी 23 फीसदी थी, अब 3.7 फीसदी रह गईं। लगातार वहां हिंदुओं की आबादी घट रहीं है। हालांकि भारत में मुसलमानों के खिलाफ कुछ लिंचिंग की घटनाएं हुईं, लेकिन जैसा हिन्दुस्थान में हिन्दुओं के साथ हो रहा है, वैसा नहीं हुआ। वैसे अमेरिका में भी हिन्दुओं और सिखों के खिलाफ नस्लीय हिंसा हुईं है। हिंदुओं के मंदिरों को भी निशाना बनाया गया है। नस्लीय टिप्पणीयां हुईं हैं, लेकिन पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसी नहीं। हमें इस तरह की सामुदायिक हिंसा से बचना होगा। राजनैतिक लाभ लेने के लिए देश को हिंदू -मुसलमान में बांटना ठीक नहीं। इससे देश की एकता, अखंडता कमजोर होगी। साम्प्रदायिक हिंसा को किसी भी तरीके का राजनैतिक संरक्षण नहीं मिलाना चाहिए। नफरती बयानबाजी और सोशलमीडिया पर फैलते भड़काऊ वीडियो और संदेश पर कड़ाई से प्रतिबन्ध लागू होना चाहिए। देश, संसद और उसकी संवैधानिक संस्थाएं जाति, धर्म और समुदाय से सर्वोपरि हैं। हमें उनका सम्मान करना होगा। हमें किसी कानून या बिल से असहमति है तो देश में अदालत और कानून भी है। हिंसा और अपनी ताकत दिखाने के बजाय हमें ऐसी संस्थाओ का सम्मान करना होगा। हमारे लिए देश सर्वोपरि है।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# वृंदावन के मंदिर में पूजा करने से दूर होता संकट

भारत में कई ऐसे मंदिर हैं, जो किसी न किसी संकट या दोष की पूजा के लिए लाभकारी माने जाते हैं। इन्हीं में से एक मंदिर भगवान श्रीकृष्ण की लीला स्थल वृंदावन में मौजूद है। वैसे तो वृंदावन में भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित कई मंदिर हैं। लेकिन वृंदावन के इस खास मंदिर में पूजा कराने से काल सर्प दोष से मुक्ति मिल जाती है। फिर कितना ही भयंकर कालसर्प दोष लगा हो या उसका प्रभाव कितना ही तीव्र क्यों न हो। वृंदावन के इस मंदिर में पूजा कराने से न सिर्फ कालसर्प दोष दूर होता है बल्कि उसका प्रभाव भी तेजी से घटना है और व्यक्ति को शुभ परिणाम मिलने लगते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको वृंदावन के इस खास मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं।



### काल सर्प दोष की पूजा

बता दें कि वृंदावन में भगवान कृष्ण के परम भक्त गरुड़ जी का एक मंदिर है। इस मंदिर को गरुड़ गोविंद के नाम से जाना जाता है। वहीं इस मंदिर का इतिहास काफी पुराना है। गरुड़ गोविंद का विशेष रूप से भगवान श्रीकृष्ण और उनके वाहन गरुड़ के प्रति श्रद्धा और प्रेम को व्यक्त करने के लिए समर्पित है। इस मंदिर में गरुड़ की एक बहुत बड़ी प्रतिष्ठित मूर्ति है गरुड़ गोविंद मंदिर में भगवान कृष्ण की मूर्ति है, जिसकी पूजा की जाती है। यह पूजा स्थल भक्तों के लिए फेमस है। हालांकि इस मंदिर के बारे में अधिकतर ब्रज लोगों को ही पता है। गरुड़ गोविंद मंदिर के बारे में बाहर के लोगों को कम जानकारी है। इस मंदिर को काल सर्प दोष की पूजा के लिए श्रेष्ठ माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि जब यमुना में कालिया नाग ने अपना स्थान बनाया था। तब श्रीकृष्ण ने कालिया नाग का दमन कर यमुना से भगा दिया था। जिसके बाद श्रीकृष्ण ने गरुड़ को उस स्थान पर विराजमान रहने के लिए कहा था। जिससे कि कोई भी नाग ब्रज भूमि में प्रवेश न कर पाए। तभी से इस मंदिर में कालसर्प दोष की पूजा का विशेष महत्व है। गरुड़ मंदिर में कालसर्प दोष की पूजा करने से इसका फल जरूर मिलता है। साथ ही कालसर्प दोष भी दूर होता है और व्यक्ति को नकारात्मक प्रभावों से छुटकारा मिलता है। इस मंदिर में भगवान कृष्ण और गरुड़ की एक साथ पूजा करने से व्यक्ति के जीवन से हर संकट का नाश हो जाता है। जिस तरह श्रीकृष्ण के हर कार्य में गरुड़ सहायक बनते हैं, वैसे ही वह अपने भक्तों पर भी कृपा बनाए रखते हैं।

## सेहत

### गर्मियों में खानपान पर दें ध्यान

भीषण गर्मी का सितम चालू हो चुका है। अप्रैल के महीने तापमान बढ़ गया है। इस मौसम में सबसे ज्यादा डिहाइड्रेशन की शिकायत रहती है। पाचन पर भी बुरा असर रहता है। गर्मियों में उल्टा-सीधा खाने से पेट की समस्या होने लगती है। इसलिए गर्मियों में सही आहार का सेवन करना जरुरी है। आइए आपको इस लेख में बताते हैं गर्मियों के दौरान किन चीजों का सेवन करें या नहीं करें।

पाचन को दुरुस्त रखने के लिए क्या खाएं और क्या नहीं?

**क्या खाएं** : - सबसे जरुरी बात है कि गर्मियों में हाइड्रेटेड रहना है। इसलिए पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करें। पानी से पाचन तंत्र स्वस्थ रहता है। पेट को भी ठंडक मिलती है। हाइड्रेशन बनाए रखने के लिए नारियल पानी, ताजे फल के रस, मौसमी के जूस जैसे हाइड्रेटिंग ड्रिंक पिएं।, गर्मी में आप हाइड्रेटेड फलों और सब्जियों का सेवन करें। ऐसे में आप तरबूज, पपीता, खीरा, ककड़ी, तोरी, लौकी वगरैह का सेवन करें। इसमें फाइबर की मात्रा सबसे अधिक होती है, जिससे आपका पाचन भी बेहतर रहेगा। इसके अलावा आप दही और छाछ का सेवन जरुर करें। क्योंकि इनमें प्रोबायोटिक्स होते हैं जो शरीर को ठंडक पहुंचाते हैं।

**क्या नहीं खाएं** : - गर्मियों में जितना संभव हो आप तला-भुना और अधिक मसालेदार खाना नहीं खाना चाहिए।

शराब और कैफीन का सेवन नहीं करना चाहिए, इससे आपका शरीर डिहाइड्रेट हो सकता है और कब्ज की शिकायत हो सकती है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# दुमका में नाबालिग से दुष्कर्म और हत्या मामले का पुलिस ने किया पदार्फाश, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता



**दुमका:** जिले के मसलिया थाना क्षेत्र में 17 अप्रैल को एक गड्ढे में एक नाबालिग लड़की का अर्धनग्न अवस्था में शव बरामद किया गया था। दुमका पुलिस ने इस मामले का खुलासा कर दिया है। मामला दुष्कर्म और हत्या का निकाला। पुलिस ने मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मृतका का रिश्ते में चाचा लगता है। एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार ने इसकी पुष्टि की है।

**17 अप्रैल को बरामद हुआ था किशोरी का शव :** दुमका एसपी ने बताया कि मसलिया थाना की पुलिस ने 17 अप्रैल को एक खेत के गड्ढे से किशोरी का शव बरामद किया था। हत्या को किसी और ने नहीं, बल्कि घर के ठीक बगल में रहने वाले उसके चचेरे चाचा ने अंजाम दिया था। दुष्कर्म के बाद किशोरी ने जब यह कहा कि वह घर में बता देगी तो पकड़े जाने के डर से पहले उस पर डंडा से वार किया और लात घूंसों से प्रहार कर उसकी जान ले ली। खास बात यह है कि आरोपी शादीशुदा है और उसकी पत्नी गर्भवती है।

**इस तरह गहराया पुलिस का शक :** रविवार की शाम आवासीय कार्यालय में दुमका एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार ने प्रेस वार्ता कर पूरे मामले का खुलासा किया। एसपी ने बताया कि शव मिलने के बाद पुलिस ने हर स्तर से अनुसंधान किया। जिसमें पता चला कि हत्याकांड में ना तो गांव के और ना ही किसी बाहरी का हाथ है। 16 अप्रैल की शाम सात बजे जब किशोरी शौच के लिए निकली तो आरोपी भी अपने घर से गायब था। जब किशोरी के घरवाले उसकी तलाश कर रहे थे, उसी समय युवक की पत्नी अपने पति की तलाश में निकली थी। इसके साथ ही घटना उजागर होने के बाद खोजी कुत्ता भी आरोपी के घर तक गया था। इसी आधार पर आरोपी को पूछताछ के लिए थाना लाया गया। वह यह नहीं बता सका कि घटना के समय कहां था। गहन पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि उसने ही भतीजी की हत्या की है।

**दुष्कर्म के बाद पकड़ने जाने के डर से मार डाला :** पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि शाम को खेत की ओर गया था, तभी उसे भतीजी जाती हुई दिखाई दी। उसने भतीजी के साथ पहले दुष्कर्म किया। इसके बाद किशोरी से कहा कि वह यह बात किसी को नहीं बताए, लेकिन उसने ऐसा करने से मना कर दिया। पीड़िता ने कहा कि वह घर जाकर माता-पिता को सारी बात बता देगी। पकड़े जाने के डर से आरोपी ने उसे मार डाला।

## यूज ब्रीफ

### फर्जी आधार कार्ड रखने के आरोप में 13 बांग्लादेशी हॉकर्स हिरासत में



**साहिबगंज:** मुंबई के विक्रोली पुलिस ने स्थानीय अधिकारियों के साथ संयुक्त निरीक्षण के बाद सुबह 11 बजे विक्रोली मार्केट में 13 बांग्लादेशी हॉकर्स को हिरासत में लिया।इस अभियान में दर्जनों हॉकर्स के पास संदिग्ध विवरण वाले आधार कार्ड पाए गए है। जिनमें जन्म तिथि 1 जनवरी और झारखंड के साहिबगंज में दर्ज पते शामिल थे। हिरासत में लिए गए व्यक्तियों की पहचान जियाउल शेख 1980, अय्यूब शेख 1976, मनोरुल शेख 1995, सैम शेख 2003, नईम शेख 2003, समून शेख 2003, रफीकुल शेख 1988, जहांगीर शेख 2007, नसीमा बीबी 1983, मैनुद्दीन शेख 2000, बरिउल शेख 2003, हलीम शेख 2006 और कसुद शेख 2004 के रूप में की गई है।जो फर्जी पहचान दस्तावेज रखने के आरोप में जांच के दायरे में हैं। अधिकारियों को फर्जी आधार कार्ड से जुड़े एक बड़े नेटवर्क पर संदेह है।जो झारखंड के सीमावर्ती जिलों में अवैध अप्रवास से जुड़ा एक आवर्ती मुद्दा है। पुलिस ने इन दस्तावेजों की उत्पत्ति का पता लगाने और संभावित सहयोगियों की पहचान करने के लिए जांच शुरू की है। यह कार्रवाई देश भर में इसी तरह के अभियानों के बाद की गई है।जिसमें हाल ही में अहमदाबाद और दिल्ली में जाली पहचान दस्तावेजों के लिए गिरफ्तारियां शामिल हैं। स्थानीय नेताओं ने अवैध घुसपैठ को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने का आग्रह किया है।

### इलाज के दौरान एएसआई की मौत



**साहिबगंज:**मुफस्सिल थाना में एएसआई के पद पर कार्यरत सुमन बास्की का इलाज के क्रम में मौत हो गया। पुत्र राहुल बास्की ने बताया कि 24 अप्रैल को पेट में दर्द उठने के बाद उसे सदर अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया। जहां पेट का दर्द कम नहीं हो रहा था। बेहतर इलाज के लिए स्थानीय निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। जहां इलाज के बाद उन्हें राहत मिली थी। लेकिन रविवार की अहले सुबह उसकी मौत हो गई। मेरी बहन जो साहिबगंज में रहती है। उसने मम्मी को फोन कर पूरी जानकारी दी और मम्मी को बुलाया। पत्नी भी बेटी की बात सुनते ही साहिबगंज पहुंची और पति का हाल-चाल जाना। पत्नी रेखा मुर्मू ने बताया की हम सोच भी नहीं सकते थे। कि मेरे पति इतना जल्दी चले जाएंगे। मेरे साथ चार बेटी और एक बेटे को छोड़कर चले गए। अब हम कैसे जीवन गुजारेंगे।

**पुलिस लाइन में दिया गार्ड ऑफ ऑनर :** मुफस्सिल थाना में पदस्थापित एएसआई सुमन बासकी की मौत इलाज के दौरान शहर के एक निजी अस्पताल में हुई। मौत की सूचना पाते ही मुफस्सिल थाना की पुलिस, अधिकारी, पुलिस एसोसिएशन के सदस्य नर्सिंग होम पहुंचे। जहां से पार्थिव शरीर को अस्पताल लाया गया। कानूनी व्यवस्था के तहत पोस्टमार्टम कराया गया। पार्थिव शरीर को पुलिस लाइन लाया गया। पुलिस बलों के गार्ड ऑफ ऑनर देकर बंदूक उल्टा करके श्रद्धांजलि दिया। एसपी अमित कुमार सिंह सहित पुलिस अधिकारियों व जवानों ने श्रद्धांजलि दिया और मौन रखकर आत्मा की शांति की प्राथना की। मौके पर एसडीपीओ किशोर तिर्की , नगर थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक अमित कुमार गुप्ता, थाना प्रभारी शशि सिंह, पुलिस मेंस एसोसिएशन अध्यक्ष राम प्रसाद, सचिव सुनील शर्मा, मंटू कुमार, साहेब मुर्मू सहित अन्य उपस्थित थे।

### राज्य सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को लाभान्वित करने के लिए संकल्पित : विधायक



**साहिबगंज/उधवा:**राजमहल क्षेत्र के विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा जी ने 91 लाख की लागत से बनने वाले दो योजनाओं का रविवार को उधवा प्रखंड में शिलान्यास किए।विशेष प्रमंडल विभाग से बनने वाले राधानगर थाना के पुलिस बैंरक व एनआरईपी विभाग द्वारा स्वामी विवेकानंद उच्च विद्यालय कक्षा भवन निर्माण का शिलान्यास किया।विधायक ने कहा कि क्षेत्र के जनहित की समस्याओं का समाधान करते हुए योजनाओं का क्रियान्वयन कराया जा रहा है।राज्य सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक को योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए संकल्पित है।मौके पर विधायक प्रतिनिधि मो मारूफ उर्फ गुड्डू,राधानगर थाना प्रभारी अमर मिंज,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अयूब अली,प्रखंड सचिव विश्वजीत मंडल सहित पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

**अग्निपिडित परिवारों से मिले विधायक :** बीते दिनों कटहलबाड़ी में हुई आगलगी की घटना में सात घर जलकर राख हो गए थे।सभी पीड़ित परिवारों से विधायक मिलकर जरूर की राहत सामग्री उपलब्ध कराते हुए उन्होंने अंचल अधिकारी को निर्देश दिया कि सभी पीड़ित परिवारों को उनके आवश्यकता के अनुरूप सरकारी मदद करें।कर्मचारियों को मौके पर भेज कर जल्द परिवारों को राहत पहुंचाएं।

### घर के गराज में खड़े पिकअप वाहन की चोरी

**लातेहार:** लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र के भैसादोन गांव में घर के गराज में खड़े पिकअप वाहन की चोरी का एक मामला प्रकाश में आया है। भुक्तभोगी मो। मुस्ताक ने बालूमाथ थाना में इसकी लिखित शिकायत की है। थाने में दिए आवेदन उन्?होंने कहा कि वर्ष 2017 में उसने मो। जसीम से पिकअप वाहन (जेएच1-सीजी-9130) खरीदा था। गाड़ी का नामांतरण अभी तक नहीं हुआ था। केवल एग्रीमेंट के आधार पर ही वाहन को वह चला रहा था। हाल ही में वह अपने पिता इलाज के सिलसिले में परिवार के साथ बाहर गया था। 25 अप्रैल को वह पिता को लेकर घर लौटा।

शनिवार को जब वह गराज में गया, तो पिकअप गायब था। स्थानीय लोगों से पूछताछ करने पर पता चला कि पिछले गुरुवार से ही पिकअप वाहन वहां नहीं दिखायी पड़ रहा था। परिवार वालों ने वाहन की काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। मो। मुस्ताक ने कहा कि सुनियोजित तरीके से वाहन की चोरी कर की गई है। बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने कहा कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## प्रांतीय यादव महासभा के प्रखंड कमेटी का हुआ गठन



संवाददाता

**दुमका :** प्रांतीय यादव महासभा झारखंड के तत्वाधान में रविवार को जरमुंडी के बजरंगबली मोड़ में बैठक कर सर्वसम्मति से महासभा के प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ज्यादा धर्मशाला के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रदीप कुमार यादव ने किया।

बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शिवनारायण दर्बे ने पंचायत स्तर पर संगठन मजबूती और सामाजिक विकास के लिए लोगों को संगठित होने का आह्वान किया। बाल विवाह और नशापान नहीं करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को शिक्षित कर समाज को मजबूत बनाया जा सकता है।

महासचिव सह संताल परगना प्रभारी डॉ अमरेन्द्र कुमार यादव के संचालन में सर्वसम्मति से प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक सोमनाथ यादव, अध्यक्ष प्रमुख मरीक, उपाध्यक्ष वरुण यादव, सुरेंद्र मसात व जयप्रकाश यादव, महासचिव मनोज पंजियारा, सचिव अशोक कुमार राणा, अमित यादव, मुकेश राकेश, कोषाध्यक्ष धनेश्वर यादव शाह कोषाध्यक्ष अशोक यादव एवं कार्यकारी सदस्य के रूप में विजय महतो, जयकांत मंडल, शालिग्राम मरीक, मुकेश मरीक, मिथुन यादव, नबोद यादव, छतीस महतो, संतोष यादव, नयन कुमार मंडल, मुकेश राउत, रामजस यादव, संजीव यादव, संजय यादव, रोहित यादव आदि शामिल है। कार्यक्रम को अनंत लाल खिरहर, सत्यनारायण यादव, तारणी प्रसाद यादव, नरेश यादव, मृगेंद्र यादव ने संबोधित किया। बैठक में सीताराम मांझी, नंदलाल यादव, अजय यादव, विश्वनाथ यादव, नवीन यादव, श्याम सुंदर यादव, राकेश रंजन, बलराम यादव, राजेंद्र यादव, अवधेश यादव, नागेश्वर मरीक, मुकेश यादव सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## सामाजिक विवाद के कुल सात मामलों का हुआ निपटारा



संवाददाता

**दुमका :** महिला थाना दुमका में रविवार को भारतीय पुलिस सेवा के प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी डॉ. सैयद मुस्तफा हाशमी की अध्यक्षता में महिला कोषांग की बैठक आयोजित की गई. आयोजित बैठक में काउंसलिंग के माध्यम से सामाजिक विवाद के कुल सात मामलों का निपटारा किया गया. मौके पर महिला कोषांग के सदस्य क्रमशः अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दुमका सदर विजय कुमार महतो, मेडिकल ऑफिसर डॉ. बबीता कुमारी अग्रवाल, अधिवक्ता किरण तिवारी, अधिवक्ता वीणा सिंह, अधिवक्ता कुमार प्रभात, शिक्षिका मेरी नीला मरांडी, मनोज कुमार घोष एवं महिला थाना प्रभारी के साथ- साथ दोनों पक्ष के लोग एवं उनके रिश्तेदार गण मौजूद थे।



## टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को संरक्षण करना है : विजय यादव

**साहिबगंज/बरहरवा:** नया टोला में आयोजित पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को उधवा बनाम बरहरवा के बीच खेला गया।जानकारी के अनुसार,उधवा टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।उधवा ने निर्धारित 10 ओवर में दो विकेट खोकर 167 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में बरहरवा की टीम 10 ओवर में 7 विकेट खोकर केवल 140 रन ही बना सकी।इस प्रकार उधवा टीम ने 27 रनों से शानदार जीत दर्ज की।उधवा टीम के तारिक अनवर को शानदार प्रदर्शन के लिए 'मैन ऑफ द मैच' और 'मैन ऑफ द सीरीज' का पुरस्कार दिया जिसमें विजेता टीम को अभिनव शास्त्री, कामेश्वर झा और विजय यादव ने संयुक्त रूप से कप देकर सम्मानित किया।वहीं उपविजेता टीम को सुमन कुमार,अशर्फी सहा और जितेंद्र पोद्दार ने कप प्रदान किया।इस अवसर पर आयोजक विजय यादव ने कहा कि टूनार्मेंट का शांतिपूर्ण तरीके से समापन हुआ।आयोजक विजय यादव ने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से पर्यावरण क्रिकेट टूनार्मेंट का समापन हुआ।इस टूनार्मेंट का मुख्य उद्देश्य था। कि पर्यावरण को संरक्षण करना है।टूनार्मेंट के दौरान जितने भी छक्के लगे, उनके बराबर संख्या में पेड़ लगाने का संकल्प लिया गया है, ताकि क्षेत्र में हरियाली बढ़े। आयोजन में दर्शकों और खिलाड़ियों का भरपूर सहयोग रहा।मौके पर लोकेश कुशवाहा,गौरव कुमार,बिट्टू कुमार ईमाम अतिकूल, अनिकूल, इस्लाम,कावरिया,प्रताप कुमार सहित अन्य रहें।

## झारखंड विधानसभा पर्यावरण और प्रदूषण नियंत्रण समिति ने पाकुड़ का किया निरीक्षण

संवाददाता



**पाकुड़:** झारखंड विधानसभा के पर्यावरण और प्रदूषण नियंत्रण समिति के सभापति उदय शंकर सिंह पाकुड़ जिला का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पाकुड़ जिले में पर्यावरण को ठीक रखने और प्रदूषण से लोगों को मुक्ति दिलाने में काफी कार्य किए जाने हैं। इसके लिए अधिकारियों और कोल कंपनी के प्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। समिति के सभापति उदय शंकर सिंह ने कहा कि पाकुड़ जिले में प्रदूषण को लेकर जिस तरह का माहौल हुआ है, यह अन्य जिलों की तुलना में काफी कम है। लेकिन यहां अभी भी कई तरह के कार्य बाकी है। जिसे पूरा करने का निर्देश दिया गया है। सभापति ने कहा कि यहां सड़क किनारे पौधारोपण और मालवाहक वाहनों को कवर से ढक कर ले जाने की आवश्यकता है। जिससे प्रदूषण कम होगा और लोगों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। सभापति ने कोयला परिवहन ढोने वाले रास्ते को दुरुस्त करने का निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही सड़कों में पानी का छिड़काव भी करने का निर्देश दिए गए हैं।

समिति अध्यक्ष ने कहा कि कोल कंपनी जल्द सीएसआर पॉलिसी से कोयला परिवहन के लिए सड़क का निर्माण कराएं, ताकि आम लोगों को आवागमन में कोई दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़े। समिति अध्यक्ष ने अधिकारियों के साथ जिला परिषदन के सभागार में बैठक की। समिति के सदस्यों ने जिले के महेशपुर, अमरापाड़ा, पाकुड़ सहित कई इलाकों में चल रहे पत्थर खदान, क्रशर, संचालित कोयला खदान का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण टीम में सभापति के अलावा सदस्य जिगा सुसारण होरो, संजीव सरदार आदि शामिल थे। बता दें कि पाकुड़ जिले के अमरापाड़ा प्रखंड में दो कोल कंपनी कोयला का उत्खनन और परिवहन करने का काम करती है। कोल कंपनी अमरापाड़ा माइंस से पाकुड़ सदर प्रखंड के लोटामारा रेलवे साइडिंग और अमरापाड़ा से दुमका रेलवे साइडिंग तक वाहनों से कोयला परिवहन किया जाता है। कोयला परिवहन के दौरान आए दिन लोग दुर्घटना का शिकार होते हैं, धुलकण और सड़क जाम से आवागमन कर रहे लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है।

### देवघर में सांसद निशिकांत दुबे ने किया रेलवे हॉल्ट का शिलान्यास, कहा

# होगी लंबी दूरी ट्रेन की शुरूआत

संवाददाता



**देवघर:** रविवार को जिले के महेशमारा में रेलवे विभाग के द्वारा हॉल्ट का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम में आसनसोल डिवीजन के डीआरएम चेतनानंद, स्थानीय सांसद निशिकांत दुबे सहित कई रेलवे के पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि देवघर को रेल मार्ग से जोड़ने के लिए वह लगातार प्रयास कर रहे हैं। बैजनाथ धाम स्टेशन का जीर्णोद्धार हो रहा है। वहीं देवघर स्टेशन पर भी गाड़ियों का परिचालन लगातार हो रहा है। उन्होंने कहा कि महेशमारा हॉल्ट के शुरू होने के बाद यहां पर भी श्रद्धालु पहुंच सकते हैं।

सांसद निशिकांत दुबे लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में मोहनपुर सहित अन्य प्रखंड में और भी हॉल्ट के निर्माण कराए जाएंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि जनता के विकास के लिए अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कोई भी प्रतिनिधि कोई घोषणा करता है, तो उसे पूरा करने की गारंटी मोदी जी देते हैं। सांसद ने स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता सुनील खवाड़े के प्रयास की भी सराहना की। वहीं, शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे आसनसोल डिवीजन के डीआरएम चेतनानंद प्रसाद ने कहा कि सावन के महीने में देवघर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में देवघर के जसीडीह और देवघर स्टेशन पर यात्रियों की संख्या अत्यधिक देखने को मिलती है। लेकिन आने वाले समय महेशमारा हॉल्ट के शुरू होने से जसीडीह और देवघर स्टेशन पर यात्रियों की लोड में कमी होगी। उन्होंने कहा कि देवघर में सावन के दौरान पूरे देश से लोग पहुंचते हैं। इसलिए देवघर स्टेशन और जसीडीह स्टेशन में वाशिंग सेंटर भी बनाया जा रहा है, ताकि देवघर और जसीडीह स्टेशन से लंबी दूरी की ट्रेन शुरू हो सके। डीआरएम ने कहा कि आने वाले समय में स्थानीय सांसद के सुझाव के अनुसार देवघर में प्लान के तहत स्टेशनों और हॉल्ट का निर्माण किया जाएगा। जिससे सावन के दौरान देवघर पहुंचने वाले लोगों को भीड़ से राहत मिल सके। वहीं महेशमारा हॉल्ट के शिलान्यास से स्थानीय लोगों ने भी खुशी जाहिर की। लोगों ने कहा कि हॉल्ट के खुलने से सावन के दौरान वह भी स्टेशन के आसपास छोटे-मोटे दुकान चलाकर अपनी कमाई कर पाएंगे।

# पाकिस्तान में रिलीज नहीं होगी सुनील शेट्टी की 'केसरी वीर', ट्रेलर 29 अप्रैल को मुंबई में लॉन्च होगा

लीजेंड्स ऑफ सोमनाथ' इस समय चर्चा में है, लेकिन सुनील शेट्टी की यह फिल्म पाकिस्तान में रिलीज नहीं होगी। फिल्म निमार्ता कनु चौहान ने कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद यह बड़ा फैसला लिया है। सुनील शेट्टी की यह फिल्म 16 मई को भारत, अमेरिका, ब्रिटेन और उत्तरी अमेरिका जैसे अन्य अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्रों के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म का ट्रेलर 29 अप्रैल को मुंबई में लॉन्च किया जाएगा। इस ऐतिहासिक एक्शन-ड्रामा में सूरज पंचोली, विवेक ओबेरॉय और आकांक्षा शर्मा भी हैं। फिल्म के निमार्ता कनु चौहान ने दिए इंटरव्यू में खुलासा किया, ₹मैंने अपने विदेशी वितरक से कहा है कि मैं नहीं चाहता कि मेरी फिल्म पाकिस्तान में रिलीज हो। मैं कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करता हूं। मैंने यह बड़ा फैसला लिया है। अब 'केसरी वीर' पाकिस्तान में रिलीज नहीं होगी। यह आतंकवादी हमले में अपनी जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों को मेरी श्रद्धांजलि है। यह मेरा स्टैंड है। फिल्म 'केसरी वीरः लीजेंड्स ऑफ सोमनाथ' दर्शकों के सामने उन अज्ञात योद्धाओं की कहानी पेश करेगी, जिन्होंने 14वीं शताब्दी में ऐतिहासिक सोमनाथ मंदिर को आक्रमणकारियों से बचाने के लिए लड़ाई लड़ी और अपने प्राणों की आहुति दे दी। इस पीरियड ड्रामा में सूरज पंचोली, विवेक ओबेरॉय, सुनील शेट्टी और आकांक्षा शर्मा मुख्य भूमिका में हैं। आकांक्षा फिल्म 'केसरी वीरः लीजेंड्स ऑफ सोमनाथ' से बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। फिल्म लीजेंड्स ऑफ सोमनाथ' का निर्देशन प्रिंस धीमान ने किया है और इसका निर्माण चौहान स्टूडियो के तहत कनु चौहान ने किया है।



## 'ज्वेल थीफ' के सीक्वल का ऐलान, सैफ जयदीप की जोड़ी फिर करेगी कमाल



अभिनेता सैफ अली खान इन दिनों अपनी फिल्म 'ज्वेल थीफः द हीस्ट बिगिन्स' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 25 अप्रैल को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। सैफ के साथ जयदीप अहलावत भी मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं। दर्शकों ने न सिर्फ फिल्म की कहानी को सराहा है, बल्कि सैफ और जयदीप की जोड़ी को भी खूब पसंद किया है। फिल्म को मिल रही शानदार प्रतिक्रिया के बीच अब मेकर्स ने इसके सीक्वल की घोषणा भी कर दी है। फिल्म 'ज्वेल थीफ' के अंत में मेकर्स ने इसके सीक्वल का ऐलान कर दिया है। अगली कड़ी का नाम 'ज्वेल थीफः द हीस्ट कंटीन्यूज' रखा गया है। पहले भाग की तरह इस बार भी सैफ अली खान और रणदीप हुड्डा आमने-सामने होंगे। दोनों एक बार फिर अपने पुराने किरदारों में नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि 'ज्वेल थीफः द हीस्ट कंटीन्यूज' भी नेटफ्लिक्स पर ही स्ट्रीम होगी। हालांकि, इसकी रिलीज डेट अभी तय नहीं की गई है। 'ज्वेल थीफ' में सैफ और रणदीप के साथ-साथ कुणाल कपूर और निकिता दत्ता ने भी अपनी दमदार मौजूदगी से फिल्म में जान डाल दी है। फिल्म में सैफ अली खान ने रेहान रॉय नाम के एक शातिर चोर का किरदार निभाया है। इस थ्रिलर फिल्म का निर्देशन कुकी गुलाटी और रॉबी ग्रेवाल ने किया है, जबकि इसके निमार्ता हैं सिद्धार्थ आनंद। दिलचस्प बात यह है कि इसके दूसरे भाग 'ज्वेल थीफः द हीस्ट कंटीन्यूज' का निर्देशन भी गुलाटी और ग्रेवाल की जोड़ी ही करेगी और इसे भी सिद्धार्थ आनंद ही प्रोड्यूस करेंगे।

## इमरान हाशमी की 'ग्राउंड जीरो' रिलीज, अब 'जन्नत-3' का ऐलान



अभिनेता इमरान हाशमी बीते काफी वक्त से अपनी फिल्म 'ग्राउंड जीरो' को लेकर सुर्खियों में थे। लंबे इंतजार के बाद आखिरकार यह फिल्म आज यानी 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इसी बीच इमरान ने अपनी सुपरहिट फ्रैंचाइजी 'जन्नत' की तीसरी किश्त 'जन्नत-3' का भी ऐलान कर दिया है। फैंस इस फिल्म की घोषणा का लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। फिलहाल, यह प्रोजेक्ट अपने शुरूआती स्टेज में है और इसे लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। एक खास बातचीत के दौरान इमरान हाशमी ने कहा, ₹हम सिर्फ 'आवारापन 2' ही नहीं, बल्कि 'जन्नत 3' भी लेकर आएंगे। ये एक ऐसी फिल्म है जिसे मैं दोबारा जीवंत करना चाहता हूं। निमार्ताओं के साथ बातचीत चल रही है। जैसे मैंने अचानक 'आवारापन 2' की घोषणा की थी, वैसे ही 'जन्नत 3' का ऐलान भी कर दूंगा। फिलहाल स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है और इसमें थोड़ा वक्त लगेगा। देखते हैं आगे क्या होता है।

इमरान हाशमी ने बातचीत में आगे कहा, 'सीरियल किसर' मेरी छवि ने ही मुझे स्टार बना दिया। अगर मैं पारंपरिक किरदार निभाता तो शायद दर्शकों से वो कनेक्शन नहीं बना पाता। मुझे नहीं लगता कि मैं ऐसे रोल्स के लिए बना हूं। सच कहूं तो मुझे 'गैंगस्टर', 'जन्नत' और 'मर्डर' जैसी फिल्में ही करना पसंद हैं। वही मेरी असली पहचान हैं। जानकारी के लिए बता दें कि 'जन्नत' 16 मई, 2008 को रिलीज हुई थी, जबकि इसका सीक्वल 'जन्नत 2' 4 मई, 2012 को आया था। इन दोनों ही फिल्मों का निर्देशन कुणाल देशमुख ने किया था।

# अक्षय कुमार ने पहलगाम हमले पर जताया गुस्सा



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम के बैसरन में 22 अप्रैल को आतंकी हमले पर आम लोगों से लेकर सेलिब्रिटी तक हर कोई अपना विरोध जता रहा है। बॉलीवुड हस्तियों ने भी अपना गुस्सा जाहिर किया है। अभिनेता अक्षय कुमार का एक वीडियो इस समय सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें अक्षय पहलगाम में हुए हमले पर कड़ा गुस्सा जाहिर करते नजर आ रहे हैं। अक्षय कुमार इन दिनों अपनी फिल्म 'केसरी चैप्टर 2' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म जलियांवाला बाग हत्याकांड को दशार्ती है। फिल्म में अक्षय वकील सी. शंकरन नायर की भूमिका निभा रहे हैं। अक्षय ने इस किरदार को इतनी मजबूती से निभाया है कि दर्शक पसंद कर रहे हैं। फिल्म में एक दृश्य है जिसमें जनरल रेजिनाल्ड डायर शंकरन को अंग्रेजों का गुलाम कहता है। तब शंकरन दो शब्दों में जवाब देते हैं। एफएक्सएक्स यू। अब अक्षय ने अपने प्रशंसकों से आतंकवादियों के लिए यही शब्द कहलवाया हैं। हाल ही में अक्षय कुमार 'केसरी चैप्टर 2' की स्क्रीनिंग के दौरान मुंबई में एक मूवी थियेटर पहुंच कर फैन्स को सरप्राइज दिया। उस समय अक्षय ने सभी से बातचीत की। उन्होंने कहा, ₹मैं आप सभी को एक बात बताना चाहता हूं कि जब हम यह फिल्म बना रहे थे, तो हर सीन करते समय मैं और निर्देशक यह सोचते थे कि जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद सभी के मन में कितना गुस्सा और आक्रोश पैदा हुआ होगा। वह गुस्सा और आक्रोश फिर से उभर आया है। आप जानते ही होंगे कि मैं किस बारे में बात कर रहा हूं। आज भी हमें उन आतंकवादियों से एक बात कहनी चाहिए, जो मैंने फिल्म में कही है। वह क्या है? इसके बाद वहां मौजूद सभी लोग चिल्लाने लगे, एफएक्सएक्स यू। अक्षय कुमार के इस वायरल वीडियो ने फिलहाल सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। इस बीच, 'केसरी चैप्टर 2' फिल्म को ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, मलेशिया, न्यूजीलैंड, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका में भी रिलीज किया गया। इस फिल्म ने अमेरिका में अच्छा प्रदर्शन किया है। इसने अब तक अमेरिका में 7 करोड़ रुपये कमाए हैं। सैकनीलक की रिपोर्ट के मुताबिक, 'केसरी चैप्टर 2' ने पहले छह दिनों में दुनियाभर में 64 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है।

## रितेश देशमुख ने पहलगाम हमले की निंदा



बॉलीवुड अभिनेता रितेश देशमुख फिलहाल अपनी आगामी फिल्म 'रेड 2' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में रितेश देशमुख के साथ अजय देवगन और वाणी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 1 मई को हर जगह रिलीज होगी। इस बीच, 'रेड 2' की पूरी टीम फिल्म के प्रमोशन के लिए अलग-अलग जगहों पर घूम रही है। इस मौके पर अभिनेता रितेश देशमुख से पहलगाम आतंकी हमले को लेकर सवाल पूछा गया तो अभिनेता के जवाब ने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। हाल ही में रितेश देशमुख ने एक इंटरव्यू दिया। इस इंटरव्यू में एक्टर से पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बारे में पूछा गया, जिस पर रितेश ने कहा, ₹यह बहुत दुखद है। देशभर से लोग छुट्टियां मनाने पहलगाम जाते हैं। अचानक वहां आतंकी आते हैं और गोलीबारी शुरू कर देते हैं। यह न सिर्फ उनके परिवारों के लिए बल्कि पूरे भारत के लिए बहुत बड़ा सदमा है। हर आतंकी हमला हमारे समाज को तोड़ने की कोशिश करता है। अभिनेता ने आगे कहा, ₹मुझे पूरा भरोसा है कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार इस मामले में कड़े कदम उठा रही है। कोई भी पड़ोसी देश हम पर हुक्म नहीं चला सकता। हमें एकजुट होकर यह बताना चाहिए कि कश्मीर भारत का हिस्सा है। कश्मीर हमारा है। इस बीच, हर कोई इस फिल्म को देखने के लिए उत्सुक है। 'रेड' का पहला भाग सफल रहा था। इसलिए, यह तो फिल्म रिलीज होने के बाद ही पता चलेगा कि 'रेड 2' को दर्शक कैसा रिस्पॉन्स देंगे।

# सोनाक्षी सिन्हा–जहीर इकबाल ने खरीदी नई कार



सोनाक्षी और जहीर ने हाल ही में एक नई लग्जरी कार खरीदी है। इस नई कार को लेकर दोनों काफी उत्साहित नजर आए। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसकी झलक भी साझा की, जिसे देखकर फैंस ने उन्हें ढेर सारी बधाइयां दीं। शादी की सालगिरह से पहले यह जोड़ी जिस तरह से जिंदगी को एंजॉय कर रही है, वो फैंस के लिए भी बेहद खास पल है। सोनाक्षी सिन्हा और उनके पति जहीर इकबाल ने एक नई बीएमडब्ल्यू कार खरीदी है। जहीर इकबाल ने इंस्टाग्राम पर अपनी नई कार की तस्वीर भी शेयर की। इसके साथ ही जहीर ने कैप्शन में लिखा, ₹मैं अपनी नई कार चलाने के लिए काफी उत्साहित हूं₹। प्रशंसकों ने उनकी पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी है और उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की नई कार बीएमडब्ल्यू 5 सीरीज की है और इसकी कीमत करीब 1.37 करोड़ रुपये के बीच है। सोनाक्षी सिन्हा ने पिछले साल 23 जून को अपने मुंबई स्थित घर में परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में जहीर से रजिस्टर्ड मैरिज की थी। शादी के बाद जोड़े ने एक भव्य रिसेप्शन पार्टी का आयोजन किया, जिसमें बॉलीवुड की कई हस्तियां शामिल हुईं। सोनाक्षी और जहीर ने शादी से पहले सात साल तक एक-दूसरे को डेट किया। दोनों ने 2022 की फिल्म डबल एक्सएल में भी साथ काम किया है। सोनाक्षी सिन्हा के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह जल्द ही फिल्म 'जटाधर' में नजर आएंगी। इस फिल्म के साथ वह तेलुगु सिनेमा में अपनी शुरूआत करने जा रहे हैं। सोनाक्षी सिन्हा को आखिरी बार संजय लीला भंसाली की फिल्म 'हीरा मंडी' में देखा गया था, जो नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी।

## राजस्थान के लिए प्लेऑफ की उम्मीदें लगभग खत्म, शेन बॉन्ड बोले- अब भी बहुत कुछ दांव पर

जयपुर :इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में राजस्थान रॉयल्स की हालत बेहद नाजुक हो गई है। नौ में से केवल दो मैच जीतकर टीम अंकतालिका में नीचे से दूसरे स्थान पर है। हालांकि अब भी गणितीय तौर पर प्लेऑफ की उम्मीद बची है, लेकिन गेंदबाजी कोच शेन बॉन्ड ने माना कि इस सीजन में टीम के लिए आगे का रास्ता मुश्किल नजर आ रहा है। बावजूद इसके उन्होंने भरोसा दिलाया कि बचे हुए पांच लीग मैचों में टीम और खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। राजस्थान रॉयल्स ने हाल के कुछ मुकाबले बेहद करीबी अंतर से गंवाए हैं। शेन बॉन्ड ने रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ₹सबसे कठिन बात यह है कि हम लगभग 35 ओवरों तक मैच पर नियंत्रण में रहे, लेकिन आखिरी पलों में विपक्षी टीमें हमसे बेहतर साबित हुईं। अगर आप अंकतालिका देखें तो हम सोचते हैं कि हम कहां हो सकते थे, लेकिन अब कुछ नहीं किया जा सकता। उन्होंने आगे कहा, ₹शायद अब हम टूनार्मेंट से बाहर हैं, लेकिन अभी भी बहुत कुछ दांव पर है। टीम के लिए सीजन को मजबूती से खत्म करना और व्यक्तिगत तौर पर भविष्य के लिए



खुद को साबित करना जरूरी है। इस सीजन में राजस्थान की मुश्किलें कई मोर्चों पर रही हैं। कप्तान संजू सैमसन चोट के कारण ज्यादातर समय टीम से बाहर रहे, जिसकी वजह से 22 वर्षीय रियान पराग को कप्तानी संभालनी पड़ी और 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी को ओपनिंग करनी पड़ी। हालांकि वैभव ने अपने हुनर की झलक दिखाई, लेकिन बाकी बल्लेबाजों की असंगत प्रदर्शन ने टीम को नुकसान पहुंचाया। राजस्थान अब तक पांच बार लक्ष्य का पीछा करते हुए हार चुका है। पावरप्ले में सबसे तेज रन बनाने के बावजूद, टीम मिडिल और डेथ ओवर्स में रन गति बनाए रखने में असफल रही है। स्पिनर्स का प्रदर्शन भी बेहद खराब रहा, जिनकी इकॉनमी रेट (9.16) और स्ट्राइक रेट (23) लीग में सबसे खराब में शामिल हैं। बॉन्ड ने अपनी गेंदबाजी इकाई का बचाव करते हुए कहा, ₹हाल के तीन मैचों में हमने विपक्षी टीमों को ऐसे स्कोर पर रोका जिसे हम आसानी से चेज कर सकते थे। हमने मौके गंवाए, खासकर बल्लेबाजी में। जोफ्रा आर्चर ने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन उतनी नियमितता से विकेट नहीं निकाल पाए जितनी गुजरात टाइटंस के प्रसिद्ध कृष्णा ने। वहीं तुषार देशपांडे और संदीप शर्मा भी निर्णायक क्षणों में प्रभावी साबित नहीं हो पाए। गुजरात टाइटंस के खिलाफ सोमवार को होने वाला मुकाबला राजस्थान के लिए 'करो या मरो' जैसा होगा। हारने पर प्लेऑफ की आखिरी उम्मीद भी टूट जाएगी, लेकिन जीतने पर टीम कुछ समय के लिए दौड़ में बनी रह सकती है।

## आईपीएल 2025: विराट कोहली ने हासिल की ऑरेंज कैप, सूयार्कुमार यादव को पछाड़ा

**नई दिल्ली :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में रविवार को खेले गए डबल हेडर मुकाबलों के बाद ऑरेंज और पर्पल कैप की रेस में बड़ा उलटफेर देखने को मिला। रविवार को ऑरेंज कैप दो बार बदली। पहले मुंबई इंडियंस के सूयार्कुमार यादव ने गुजरात टाइटंस के बी साई सुधर्शन को पछाड़ा। सूर्या ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 28 गेंदों में 54 रनों की तेजतर्रार पारी खेलकर 417 रन बनाने वाले साई सुदर्शन को पीछे छोड़ते हुए 427 रन तक पहुंच गए थे। हालांकि, दिन का दूसरा मुकाबला आते-आते सूर्या की खुशी ज्यादा देर टिक नहीं सकी। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेलते हुए विराट कोहली ने 47 गेंदों पर 51 रन बनाए और कुल 443 रन के साथ ऑरेंज कैप अपने नाम कर ली। अब साई सुदर्शन के पास सोमवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले में अच्छा प्रदर्शन कर टॉप पर लौटने का मौका रहेगा।

**टॉप–5 बल्लेबाज**

विराट कोहली - 443 रन
सूयार्कुमार यादव - 427 रन
बी साई सुदर्शन - 417 रन



निकोलस पूरनझ 404 रन
मिशेल मार्श झ 378 रन

**पर्पल कैप की रेस में जोश हेजलवुड सबसे आगे**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के जोश हेजलवुड अब पर्पल कैप की रेस में सबसे आगे निकल गए हैं। रविवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ 36 रन देकर दो विकेट लेने के बाद उनके दस मैचों में कुल 18 विकेट हो गए हैं।

**टॉप–5 गेंदबाज**

जोश हेजलवुड (आरसीबी)- 18 विकेट
प्रसिद्ध कृष्णा (जीटी)- 16 विकेट
नूर अहमद (सीएसके)-14 विकेट
ट्रेंट बोल्ट (एमआई)- 13 विकेट
क्रुणाल पांड्या (आरसीबी) और हर्षल पटेल (एसआरएच) -13-13 विकेट।

## लिवरपूल ने रचा इतिहास, टोटनहम को 5–1 से हराकर जीता 20वां प्रीमियर लीग खिताब



**एजेंसी**

**लिवरपूल :** लिवरपूल ने रविवार को एनफील्ड में टोटनहम को 5-1 से करारी शिकस्त देकर प्रीमियर लीग खिताब अपने नाम किया और इंग्लिश टॉप-फ्लाइट फुटबॉल में मैनचेस्टर यूनाइटेड के 20 खिताबों की बराबरी कर ली। आर्ने स्लॉट की टीम ने शुरूआती झटका खाने के बाद जबरदस्त वापसी की और पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा। 60,000 से अधिक दर्शकों की गूंज के बीच मुकाबला शुरू हुआ। शुरूआती हमलों के बावजूद लिवरपूल को 12वें मिनट में झटका लगा, जब डोमिनिक सोलांके ने जेम्स मैडिसन के कॉर्नर से शानदार हेडर लगाकर टोटनहम को बढ़त दिला दी। लेकिन लिवरपूल ने महज चार मिनट बाद लुईस डियाज के गोल से बराबरी हासिल कर ली, जिसे वीएआर ने मंजूरी दी। इसके बाद एलेक्सिस मैक एलिस्टर ने 24वें मिनट में शानदार गोल कर लिवरपूल को बढ़त दिला दी। फिर कोडी गाकपो ने तीसरा गोल दागकर टोटनहम की मुश्किलें बढ़ा दीं। दूसरे हाफ में लिवरपूल का जलवा, सालाह का सेल्फी सेलिब्रेशन दूसरे हाफ में भी लिवरपूल ने अपना दबदबा कायम रखा। टॉप स्कोरर मोहम्मद सालाह ने डोमिनिक सोबोस्लाई के पास पर शानदार गोल दागा और उसके बाद एक फैन का फोन लेकर 'कॉप एंड' के सामने सेल्फी ली, जिससे स्टेडियम में खुशी की लहर दौड़ गई। लगातार गूंजते नारों ₹वी आर गोइंग टू विन द लीग₹ और ₹वी शैल नॉट बी मूव्ड₹ ने माहौल को और खास बना दिया। 70वें मिनट में टोटनहम के डेस्टिनी उडोगी के आत्मघाती गोल ने लिवरपूल की बढ़त 5-1 कर दी और मुकाबला पूरी तरह एकतरफा हो गया।

फैन्स ने मुकाबले से पहले एनफील्ड के बाहर ₹लिवरपूल 20 टाइम चैंपियंस₹ के झंडे और स्कार्फ्स लहराए। कोविड के कारण 2020 में जश्न नहीं मना सके लिवरपूल फैन्स ने इस बार खिताबी जीत का भरपूर आनंद उठाया।

# श्री केदारनाथ धाम के लिए पंचमुखी डोली रवाना, दो मई को खुलेंगे कपाट

एजेंसी

**रूद्रप्रयाग/ऊखीमठ :** श्री केदारनाथ भगवान की पंचमुखी डोली सोमवार को सेना के बैंड की भक्तिमय धुनों के साथ समारोहपूर्वक धाम के लिए प्रस्थान कर गई। डोली आज पहले पड़ाव श्री विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी में रात्रि विश्राम करेगी। केदारनाथ धाम के कपाट दो मई को प्रातः सात बजे श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। सेना के बैंड के बीच डोली यात्रा का शुभारंभ रावल भीमाशंकर लिंग, बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल एवं विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में किया गया। इससे पहले पंचमुखी उत्सव मूर्ति का पंच स्नान कराकर डोली में विराजमान कराया गया और उसे सुसज्जित किया गया। इस अवसर पर ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ को भव्य रूप से सजाया गया था, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। डोली यात्रा के मार्ग में उखीमठ, संसारी, विद्यापीठ और गुप्तकाशी



बाजार में श्रद्धालुओं ने फूलों से स्वागत किया। विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं भी कतारबद्ध होकर डोली के दर्शन के लिए उपस्थित रहे। मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि डोली आज विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी में रात्रि विश्राम करेगी। 29 अप्रैल को गुप्तकाशी से फाटा, 30 अप्रैल को फाटा से गौरीकुंड और एक मई को गौरीकुंड से केदारनाथ धाम प्रस्थान करेगी और शाम तक पंचमुखी डोली केदारनाथ धाम पहुंच जायेगी। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि केदारनाथ धाम में भी मंदिर समिति के अग्रिम दल ने यात्रा पूर्व तैयारियां पूरी कर ली है। मंदिर क्षेत्र में पेयजल, विद्युत व्यवस्था, भोग मंडी की साफ सफाई, मंदिर समिति कार्यालय, पूजा कार्यालय, दर्शन पंक्ति की सामान्य मरम्मत, पुजारीगणों एवं कर्मचारियों की आवासीय व्यवस्था संबंधित कार्य किये गये हैं। केदारनाथ धाम के कपाट (शुक्रवार) 02 मई को प्रातः 7 बजे खुल रहे हैं। इससे पूर्व बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ( बीकेटीसी) की ओर से कपाटोत्सव की तैयारियां चल रही है। कपाट खुलने के कार्यक्रम के अंतर्गत बीते कल (रविवार ) 27 अप्रैल को ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में केदारपुरी के रक्षक भैरवनाथ जी की पूजा-अर्चना हुई। आज पंचमुखी डोली प्रस्थान के अवसर पर केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल, दायित्वधारी चंडी प्रसाद भट्ट, नगर पंचायत अध्यक्ष कुब्जा धर्म्वाण प्रभारी अधिकारी/ सहायक अभियंता गिरीश देवली, केदार सभा अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी डीएस भुजवाण, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी यदुवीर पुष्पवान, उखीमठ मंदिर प्रभारी रमेश नेगी, पुजारी शिवशंकर लिंग, बागेश लिंग, टी गंगाधर लिंग, वेदपाठी यशोधर मैठाणी, स्वयंबर सेमवाल, विश्व मोहन जमलोकी, पंचगाई हक-हकूकधारी, धर्मेंद्र तिवारी, अभिरतन धर्म्वाण संदीप धर्म्वाण, तीर्थ पुरोहित समाज सहित सहायक लेखाकार प्रमोद बगवाड़ी, विपिन तिवारी, मनोज, शुक्ला, देवानंद गैरोला, डोली प्रभारी प्रदीप सेमवाल, प्रबंधक अरविंद शुक्ला, पुष्कर रावत, कुलदीप धर्म्वाण, विदेश शैव, ललित त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

## कोलकाता मेट्रो यातायात में समस्या, देर से चल रहीं ट्रेनें



**कोलकाता :** सप्ताह के पहले दिन ही कोलकाता मेट्रो में गड़बड़ी के कारण सेवा देर से मिल रही है। मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह करीब नौ बजे से मेट्रो अप और डाउन दोनों लाइनों पर अनियमित रूप से चल रही थी। मेट्रो निर्धारित समय से बाद में चल रही थी जिसकी वजह से सेवाओं में देरी के कारण हर स्टेशन पर यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस वजह से भीड़ बढ़ती जा रही है। गंतव्य तक देर से पहुंचने के कारण यात्रियों में व्यापक असंतोष देखा गया। मेट्रो देर से क्यों चल रही है खबर लिखे जाने तक मेट्रो प्रबंधन की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई थी।

## दीघा पहुंची मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, जगन्नाथ मंदिर परिसर में कहा : 'यहां अध्यात्म और सौहार्द्र का संगम'

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सोमवार को दीघा स्थित नवनिर्मित जगन्नाथ मंदिर पहुंचीं। मंदिर परिसर का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कहा कि इस पवित्र स्थान पर अध्यात्मवाद और सौहार्द्र का अद्भुत संगम हुआ है। मुख्यमंत्री ने मंदिर की वास्तुकला की भी सराहना की और उम्मीद जताई कि इससे दीघा में पर्यटन को और बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री के साथ राज्य के मंत्री अरूप विश्वास, चंद्रिमा भट्टाचार्य और राज्य पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने मंदिर के पुजारियों से बातचीत की और पूजा-अर्चना की तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री सोमवार को हावड़ा के डूमुरजला हेलीपैड से हेलीकॉप्टर के माध्यम से दिघा रवाना हुई थीं। रवाना होने से पहले उन्होंने राज्यवासियों से एकजुटता और शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कहा, ₹मैं जगन्नाथधाम जा



रही हूं। आप सभी खुश रहें और आपस में सौहार्द्र बनाए रखें।₹ मुख्यमंत्री ने कहा कि समुद्र के किनारे स्थित यह जगन्नाथ मंदिर दिघा में एक नया तीर्थस्थल बनेगा, जिससे यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी। उन्होंने इस परियोजना को बंगाल की हजारों वर्षों पुरानी स्थापत्य कला और संस्कृति का प्रतीक बताया। जानकारी के अनुसार, अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर बुधवार को जगन्नाथ मंदिर में देवताओं की प्राणप्रतिष्ठा का आयोजन होगा। इससे पहले मंगलवार को विशेष होम यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री इसी धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सोमवार को दीघा पहुंची हैं। मंदिर सूत्रों के अनुसार, उद्घाटन से पहले ही कई धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ हो चुके हैं। पुरी के जगन्नाथ मंदिर से आए राजेश दयितापति के नेतृत्व में शांति यज्ञ हो रहा है। इस्कॉन के उपाध्यक्ष राधारमण दास और उनकी संस्था से जुड़े लगभग 60 भक्त भी मंगलीक कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं। पिछले गुरुवार से चार यज्ञकुंडों के बीच महाकुंड जलाकर वेद मंत्रोच्चार और पूजा हो रही है। जगन्नाथ, बलराम, सुभद्रा और सुदर्शन सहित कई देवताओं का दुग्ध स्नान भी सम्पन्न हो चुका है।

## सीमावर्ती गांव से बीएसएफ ने बरामद किए हथियार व ड्रोन, दो गिरफ्तार

**चंडीगढ़ :** सीमा पार से होने वाली हथियार व नशे की तस्करी को विफल करते हुए बीएसएफ तथा पंजाब पुलिस ने तस्करी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने दो पिस्तौल व पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किया है। बीएसएफ ने सोमवार को बताया कि एक खुफिया सूचना पर बीएसएफ तथा पंजाब पुलिस ने अमृतसर के बच्चीविंड और कक्कड़ गांवों के पास कार्रवाई की है। बीएसएफ और पुलिस ने यहां से तस्करी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इन दोनों के पास से दो पिस्तौल, दो मैगजीन और एक बाइक बरामद की। इससे पहले बीएसएफ और पंजाब पुलिस के संयुक्त अभियान में तरनतारन जिले से डीजेआई एयर 3 एस ड्रोन बरामद किया गया था। बीएसएफ के अनुसार ये सफल अभियान देश की सुरक्षा और सीमा पर अवैध ड्रोन गतिविधियों को बेअसर करने के लिए बीएसएफ की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं।

सात मई से प्राइमरी के 32 हजार नौकरी रद्द करने के मामले की सुनवाई शुरू होगी,

## हाई कोर्ट ने सभी पक्षों को दस्तावेज दाखिल करने का आदेश दिया

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के प्राथमिक विद्यालयों में भर्ती घोटाले को लेकर 32 हजार नियुक्तियों को रद्द करने के खिलाफ राज्य सरकार द्वारा दायर अपील पर सुनवाई आगामी सात मई से शुरू होगी। इस मामले की सुनवाई अब न्यायमूर्ति तपोब्रत चक्रवर्ती की खंडपीठ करेगी। इससे पहले इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति सौमेन सेन कर रहे थे, लेकिन उन्होंने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए खुद को सुनवाई से अलग कर लिया था। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश टी. एस. शिवगनम ने मामला न्यायमूर्ति चक्रवर्ती की पीठ को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार, 2014 की टेट परीक्षा के आधार पर 2016 में पश्चिम बंगाल के विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों में नियुक्तियां की गई थीं। इन नियुक्तियों में व्यापक भ्रष्टाचार के आरोप लगे, जिसके बाद मई 2023 में तत्कालीन न्यायमूर्ति अभिजीत गांगुली ने 32 हजार नौकरियों को रद्द करने का आदेश




दिया था। इस आदेश को चुनौती देते हुए राज्य सरकार ने डिवीजन बेंच में अपील दायर की थी, जिसकी सुनवाई अब शुरू होने जा रही है। सोमवार को मामले का उल्लेख न्यायमूर्ति तपोब्रत चक्रवर्ती की खंडपीठ में किया गया। अदालत ने निर्देश दिया कि सात मई तक सभी पक्ष अपने-अपने कागजात (पेपर बुक) दाखिल करें। इसके साथ ही अदालत ने स्पष्ट किया कि जिन वकीलों के तर्क समान हैं, वे एक प्रतिनिधि के माध्यम से सामूहिक रूप से अपना पक्ष अदालत में प्रस्तुत करेंगे, क्योंकि एक ही बात को अलग-अलग वकीलों से सुनने के लिए अदालत के पास समय नहीं है।

## भारत ने पाकिस्तान के 16 यूट्यूब चैनलों पर लगाया प्रतिबंध

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद भड़काऊ सामग्री प्रसारित करने के आरोप में पाकिस्तान के 16 यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगा दिया है, जिनके कुल 63 मिलियन सब्सक्राइबर हैं। यह प्रतिबंध गृह मंत्रालय की सिफारिश के बाद लगाया गया है और इसमें प्रमुख समाचार आउटलेट और पत्रकार शामिल हैं। प्रतिबंधित किए गए प्लेटफॉर्म में समाचार आउटलेट डॉन, समा टीवी, एआरवाई न्यूज, बोल न्यूज, रफ्तार, जियो न्यूज और सुनो न्यूज के यूट्यूब चैनल शामिल हैं। पत्रकार इरशाद भट्टी, अस्मा शिराजी, उमर चीमा और मुनीब फारूक के यूट्यूब चैनल भी प्रतिबंधित किए गए हैं। जिन अन्य हैंडल पर प्रतिबंध लगाया गया है उनमें द पाकिस्तान रेफरेंस, समा स्पोर्ट्स, उजैर क्रिकेट और रजी नामा शामिल हैं। इसके साथ सरकार ने बीबीसी को भी उस शीर्षक पर चेतावनी दी है, जिसमें लिखा था, ₹पाकिस्तान ने कश्मीर में पर्यटकों पर हुए घातक हमले के बाद भारतीयों के लिए वीजा निलंबित कर दिया है। बीबीसी ने स्टोरी में आतंकवादी को मिलिटेंट बताया है। सरकार के मुताबिक ये यूट्यूब चैनल पहलगाम आतंकी हमले के बाद दोनों पड़ोसियों के बीच तनावपूर्ण संबंधों के बीच भारत, भारतीय सेना और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ भड़काऊ और सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील सामग्री, झूठे, भ्रामक बयान और गलत सूचना प्रसारित कर रहे हैं।

## मध्य प्रदेश में अगले चार दिन बारिश-आंधी की संभावना, आज 11 जिलों में ओले गिरने का अलर्ट

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में मौसम ने अचानक करवट ले ली है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। लेकिन बेमौसम बारिश से किसानों की चिंता बढ़ गई है। प्रदेश में अगले चार दिन तक बारिश और आंधी की संभावना है। आज सोमवार को जबलपुर समेत 11 जिलों में ओले गिरने की चेतावनी जारी की गई है। इस दौरान कई जिलों में लू का भी अलर्ट है। भोपाल, इंदौर और उज्जैन में गर्मी का असर देखने को मिलेगा। मौसम विभाग ने बताया कि एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) और एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन एक्टिव है। इस वजह से प्रदेश में मौसम



बदला हुआ है। अगले चार दिन तक कहीं-कहीं बारिश हो सकती है। वहीं, गर्मी का असर भी बना रहेगा। सोमवार को जिन जिलों में ओले गिरने का अलर्ट है, उनमें छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, जबलपुर, मंडला, डिंडोरी, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया और कटनी शामिल हैं। सिंगरौली, सागर, नर्मदापुरम, बैतूल, देवास में गरज-चमक और बूंदाबांदी हो सकती है। 29-30 अप्रैल और 1 मई को भी बारिश का दौर बना रहेगा, लेकिन लू और तेज गर्मी का असर भी देखने को मिल सकता है। ग्वालियर-चंबल संभाग में दिन में लू और रात में बारिश का अलर्ट है। इससे पहले रविवार को बारिश के बीच गर्मी का असर भी देखा गया। पूर्वी हिस्से में बारिश का दौर चला। छिंदवाड़ा, दमोह, जबलपुर, मंडला, डिंडौरी, सागर, विदिशा, नरसिंहपुर, सिवनी, उमरिया समेत कई जिलों में बारिश हुई। भोपाल में शाम को बूंदाबांदी का दौर शुरू हुआ। वहीं, पश्चिमी हिस्से में गर्मी का असर रहा। तापमाप की बात करें तो छतरपुर जिले के नौगांव में एक ही दिन में 10 डिग्री पारा लुढ़क गया। यहां शनिवार को तापमान 43 डिग्री था, जो रविवार को 33 डिग्री पर आ गया। छिंदवाड़ा में 4 डिग्री, खजुराहो में 4.2 डिग्री, सीधी में 6 डिग्री, सिवनी में 2 डिग्री, मलाजखंड में 3.4 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। प्रदेश में रविवार को रतलाम सबसे गर्म रहा। यहां दिन का तापमान 43.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, गुना में 41.6 डिग्री, धार-खरगोन में 41.2 डिग्री, नरसिंहपुर में 41 डिग्री, खंडवा में 40.5 डिग्री, टीकमगढ़ में 40.2 डिग्री और शिवपुरी में पारा 40 डिग्री रहा। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 39.2 डिग्री, इंदौर में 40.4 डिग्री, ग्वालियर में 40.2 डिग्री, उज्जैन में 41 डिग्री और जबलपुर में 37.5 डिग्री रहा।

# आजादी के 78 साल बाद भी बलरामपुर जिले के भूताही गांव में नहीं पहुंची बिजली

एजेंसी

**बलरामपुर :** भारत को आजाद हुए 78 साल बीत गए है। लगभग आठ दशक बीत जाने के बाद भी छत्तीसगढ़ का एक ऐसा गांव जहां आज तक बिजली नहीं पहुंच सकी है लोग अंधेरे में जीवनयापन करने को मजबूर है। बिजली नहीं पहुंचने से लोगों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता हैं। हम बात कर रहे है, छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के भूताही ग्राम की। कुसमी विकासखंड के भूताही ग्राम चारों तरफ पहाड़ी से घिरा हुआ है। एक समय यहां पर नक्सलियों की गतिविधि ज्यादा रहती थी।



नक्सलियों के सितम से लोग परेशान रहते थे। धीरे-धीरे ग्राम नक्सली से आजाद तो हो गया लेकिन यहां के लोगों को जीवनयापन करने के लिए मूलभूत सुविधाएं अभी तक सरकार मुहैया कराने में असफल रही है। बिजली नहीं होने के कारण लोग अंधेरे में गुजर बसर कर रहे है। प्रशासन के द्वारा सोलर सिस्टम लगवाया गया था परंतु बिना देख रेख के वो भी खराब पड़ा हुआ है। बच्चों को रात के अंधेरे में दिए के सहारे पढ़ाई लिखाई करना पड़ता है। शाम ढलते ही पूरा गांव अंधेरे में डूब जाता है। स्थानीय ग्रामीण में बताया कि, यहां आजतक बिजली नहीं पहुंच सका है। प्रशासन के लोग आते है लेकिन हमलोग के लिए कुछ नहीं करते है। सोलर लगवाए थे लेकिन देख रेख नहीं होने के कारण वो भी खराब हो गया है। रात होते ही पूरा गांव अंधेरा हो जाता है। बिजली की व्यवस्था हो जाती तो खेती किसानी करने में भी हमलोगों को आसानी होती। यहां बहुत समस्या है। दूसरे स्थानीय ग्रामीण ने बताया कि, गांव में बहुत परेशानी है। प्रशासन के द्वारा सोलर लाइट मिल था लेकिन कुछ दिन ठीक काम करने के बाद वो भी खराब हो गया। रात में काफी दिक्कत होता है। यहां पर स्कूल में अच्छी पढ़ाई भी नहीं होती है। रात को हमें अंधेरे में सोना पड़ता है। हमेशा जंगली जानवर, सांप और बिच्छू के काटने का खतरा बना रहता है। बिजली जैसी मूलभूत सुविधा अगर सरकार मुहैया करवा देती तो हमारी परेशानी कुछ कम हो जाती। शाम ढलते ही हमलोग सुरक्षा के दृष्टिकोण से घर में चले जाते है। बच्चे लालटेन के सहारे पढ़ाई करने के लिए मजबूर है। कम रोशनी में पढ़ाई करने के कारण बच्चों को आंख के परेशानी होती है। जिले के कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने बताया कि, भूताही ग्राम में नीचे बिजली के लिए सैंक्शन नहीं हुआ है। विद्युत विभाग के द्वारा मुझे जानकारी मिली है। सोलर को तत्काल ठीक करवाएंगे और बिजली के लिए सैंक्शन करवाएंगे।

## न्यूज IN ब्रीफ

### भंडारा जिले में कार-ट्रक की भिड़ंत में चार की मौत, एक घायल

**मुंबई :** भंडारा जिले में मुंबई-कोलकाता हाईवे पर बेला के पास रविवार की रात ट्रक और कार के बीच भिड़ंत में चार लोगों की मौके पर मौत हो गई। इस घटना में कार चालक घायल हुआ है और उसे जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस घटना की छानबीन भंडारा पुलिस कर रही है। पुलिस के अनुसार रविवार को रात में बोलेरो कार नागपुर की ओर जा रही थी। उसमें पांच लोग सवार थे। जब कार बेला गांव के पास होटल साईं प्रसाद में खाना खाने के लिए राजमार्ग से मुड़ रहे थे, उसी समय नागपुर की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। इस घटना में कार में सफर कर रहे चार लोगों की मौत हो गई और कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर भंडारा पुलिस और गाडेगांव हाईवे पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दुर्घटना के घायल को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस की टीम ने मौके पर का शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों की पहचान शिलेन्द्र देखेंगे, शैलेश गोकुलपुरे, विनोद बिनेवार और अशोक धरवाल के रुप में की गई है, जबकि घायल कार चालक अविनाश नागतोड़े का इलाज जारी है।

### विश्वनाथ, शोणितपुर, नगांव जिलों में प्रचार करेंगे मुख्यमंत्री

**गुवाहाटी :** असम में इन दिनों भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय जनतांत्रिक मोर्चा (एनडीए) के समर्थन में जमकर। पंचायत चुनाव प्रचार हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने सोमवार को जानकारी दी कि आज वह आगामी पंचायत चुनावों के एनडीए उम्मीदवारों के प्रचार के लिए विश्वनाथ, शोणितपुर और नगांव जिलों का दौरा करेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि वह इन तीनों स्थानों पर आम जनता से आशीर्वाद मांग रहे हैं और एनडीए प्रत्याशियों के लिए समर्थन जुटा रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि असम की जनता आने वाले पंचायत चुनावों में एनडीए उम्मीदवारों को भारी समर्थन देगी। मुख्यमंत्री के इस दौरे से राज्य में चुनावी माहौल और भी गरमा गया है।

### खारुन नदी में डूबे दो युवकों में से एक का शव बरामद , दूसरे की तलाश जारी

**रायपुर :** राजधानी रायपुर के खारुन नदी में रविवार को नहाने के दौरान डूबे दो युवकों में से एक का शव बरामद कर लिया गया है। रविवार शाम को शुरू हुए रेस्क्यू अभियान के बाद सोमवार सुबह अर्जुन यादव का शव एसडीआरएफ की टीम ने बरामद कर लिया। वहीं दूसरे युवक भूपेश भूडे की तलाश जारी है। घटना मुजगहन थाना क्षेत्र के काठाडीह सात पाखर डैम के पास की है। मुजगहन पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अर्जुन और भूपेश अपने दोस्तों के साथ संडे का आनंद लेने डैम पहुंचे थे। नहाने के दौरान अचानक दोनों गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। उनके दोस्तों ने तुरंत पुलिस और राहत टीम को सूचना दी। बताया गया कि अर्जुन यादव नवा रायपुर का निवासी था, जबकि भूपेश भूडे जोरा क्षेत्र का रहने वाला है। घटना के बाद से अर्जुन के परिवार में मातम पसरा हुआ है। वहीं, भूपेश के परिजन उसकी सुरक्षित वापसी की उम्मीद में डैम के किनारे बैठकर इंतजार कर रहे हैं। एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू अभियान चलाते हुए भूपेश की तलाश में जुटी हुई है। प्रशासन ने भी घटनास्थल पर अतिरिक्त राहत बल तैनात कर दिया है।

### तीन साल से 70 वर्ष तक के विद्यार्थियों ने जुगलबंदी में दिखाए अपनी प्रतिभा

**गाजियाबाद :** जुगलबंदी लर्निंग स्टूडियो ने अपना 18वां वार्षिक दिवस 'रागा 2025' साहिबाबाद गाजियाबाद स्थित आईपीईसी ऑडिटोरियम में धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर कलाकारों ने अपनी कला की जोरदार प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में खासबात यह रही कि तीन साल से 70 साल के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। छात्रों ने गिटार, वायलिन, बांसुरी, तबला और ड्रम जैसे वाद्ययंत्रों पर बेहतरीन प्रदर्शन किया। साथ ही शास्त्रीय और वेस्टर्न गायन में भी अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। यह आयोजन वर्षों से स्टूडियो की समर्पित टीम के किए गए मार्गदर्शन और मेहनत का सजीव प्रमाण था। संस्थान के निदेशक एवं संस्थापक दीपेश गुप्ता ने इस अवसर पर संस्थान की प्रेरणादायक यात्रा के बारे में साझा किया। उन्होंने बताया कि जुगलबंदी की शुरूआत वर्ष 2005 में वसुंधरा सेक्टर-5 से हुई थी और तब से यह निरंतर प्रगति कर रहा है। उन्होंने स्टूडियो के लक्ष्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जुगलबंदी बच्चों और वयस्कों को संगीत और नृत्य की विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षित कर उनकी प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें व्यावसायिक ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। जुगलबंदी के छात्र राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं, छात्रवृत्ति कार्यक्रमों और प्रतिष्ठित रियलिटी शोज में निरंतर भाग लेकर कई पुरस्कार अर्जित कर चुके हैं। इस अवसर की मुख्य अतिथि मीता राय (पूर्व प्राचार्य एवं निदेशक, डीपीएस इंदिरापुरम) रहीं, जिन्होंने अपनी विशेष प्रस्तुति से समारोह को और भी खास बना दिया। कार्यक्रम में सेंटर इंचार्ज मीनाक्षी बिष्ट, सचिव रितेश सक्सेना तथा शिक्षक शालिनी चावला, कृष्ण दत्त त्रिपाठी, जोसेफ बसुमतारी, हेमंत, माधव सिंह, कोमल बिष्ट और कीर्ति की उपस्थिति भी रहीं।

### छत्तीसगढ़ में खेती का स्वर्णिम अध्याय शुरू : केंद्रीय कृषि मंत्रालय

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के सक्ती और कोडागांव सहित दूसरे जिलों में सूरजमुखी की खेती की केंद्र सरकार ने सराहना की है। केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर कहा है कि छत्तीसगढ़ में सूरजमुखी की खेती एक नये स्वर्णिम अध्याय की शुरूआत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने से प्रेरित होकर छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले के घुइचुनवा गांव के रामायण मान्यवर जैसे किसान सूरजमुखी जैसी वैकल्पिक फसलें अपना रहे हैं। छत्तीसगढ़ सरकार के प्रयासों के तहत पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर ये किसान अपनी आय बढ़ा रहे हैं, पानी पर निर्भरता कम कर रहे हैं और फसल उत्पादकता बढ़ा रहे हैं। सूरजमुखी की खेती करके, जो रबी, खरीफ और गर्मियों के मौसम में फलती-फूलती है, किसान ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के राष्ट्रीय लक्ष्यों में योगदान करते हुए अधिकतम लाभ कमा रहे हैं। कृषि में विविधता लाने और स्वदेशी तरीकों को बढ़ावा देने के प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान से किसानों को टिकाऊ, उच्च उपज वाली खेती की ओर बढ़ने में मदद मिल रही है, जिससे भारत का कृषि क्षेत्र मजबूत और अधिक आत्मनिर्भर बन रहा है। इसी तरह छत्तीसगढ़ के कोडागांव जिले में सूरजमुखी की किस्म ङइरल-78 की पहली सफल खेती का जश्न मनाया जा रहा है। इसके खिले हुए फूल किसानों के लिए नए अवसरों और राज्य में कृषि के भविष्य का संकेत देते हैं।

न्यूज ब्रीफ

## पैक्स गोदाम के एस्बेटस सीट गिरने से एक मजदूर की मौत,एक घायल

**चतरा :** जिले में रविवार की देर शाम आए आंधी तूफान ने कहर बरपाया है। इटखोरी थाना क्षेत्र के परसौनी गांव में नव निमार्णाधीन पैक्स गोदाम का छत बनाने के क्रम में करकेट शीट गिरने से एक मजदूर देवनारायण विश्वकर्मा की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि एक अन्य मजदूर कालीचरण विश्वकर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। रिश्ते में दोनों चाचा भतीजा हैं। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि जिले में छह पैक्स गोदाम बनाए जा रहे हैं। उसमें से एक पैक्स गोदाम थाना क्षेत्र के परसौनी में भी बनाया जा रहा है। गोदाम बनाने का कार्य लातेहार के संतोष यादव कंस्ट्रक्शन को मिला है। कंस्ट्रक्शन कंपनी ने गोदाम की छत बनाने का काम परसौनी के देवनारायण विश्वकर्मा को दिया था।सोमवार की देर शाम 6:30 बजे जब छत पर करकेट शीट चढ़ाने का काम स्वयं कालीचरण विश्वकर्मा और उनका भतीजा कालीचरण विश्वकर्मा कर रहे थे,तभी अचानक आंधी आ गई। इसी क्रम में करकेट शीट के साथ दोनों मजदूर जमीन पर गिर गए। इस दौरान देवनारायण विश्वकर्मा की मौके पर ही मौत हो गई और कालीचरण विश्वकर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्होंने बताया कि घायल मजदूर को ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थय केंद्र में प्राथमिक उपचार के पश्चात हजारीबाग मेडिकल अस्पताल भेजा गया। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेजा गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के परिजनों ने मुआवजा की मांग को लेकर कंस्ट्रक्शन कंपनी के खिलाफ आवेदन दिया है।

## अमावस्या के पर आर ई कॉलोनी में हुई विशेष पूजा अर्चना



**मेट्रो रेज संवाददाता :** आज अमावस्या के अवसर पर आर ई कॉलोनी स्थित काली मंदिर में आज माँ काली की विशेष पूजा अर्चना मंदिर के पुजारी नील मोहन मुखर्जी के द्वारा किया गया।
इस अवसर पर काफी संख्या में भक्तजन और श्रद्धालु उपस्थित हुए। आज मंदिर में विधिवत पूजा के पश्चात भक्तजनों और श्रद्धालुओं के बीच खीर,खिचड़ी और सब्जी का व्यापक रूप से वितरित किया गया। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी श्री मुखर्जी ने कहा कि
यूँ तो प्रतिदिन ही मंदिर में भक्तजनों और श्रद्धालुओं का आवागमन होता है किन्तु अमावस्या के दिन विशेष रूप से भक्तजन और श्रद्धालु उपस्थित होते हैं और माँ के प्रसाद को ग्रहण करते हैं।

## राखामाइंस स्टेशन के पास सरकारी जमीन पर बना होटल ध्वस्त

**जमशेदपुरः** पूर्वी सिंहभूम जिले के राखामाइंस रेलवे स्टेशन के समीप सरकारी जमीन का अतिक्रमण कर बने अवैध होटल को पोटका सीओ निकिता बाला ने शनिवार को ध्वस्त करवा दिया. इस अवैध होटल का निर्माण शिशिर पात्रो ने कराया था, सीओ निकिता बाला ने बताया कि आरोपी शिशिर पात्रो को अतिक्रमण हटाने के लिए कई बार नोटिस दिया गया था, इसके बावजूद उसने होटल का निर्माण करवा डाला. अंततः दंडाधिकारी की मौजूदगी में कार्रवाई करते हुए सरकारी जमीन पर बने होटल को ध्वस्त कर दिया गया.

## टाटा-बक्सर एक्सप्रेस में 30 तक लगेगा अतिरिक्त कोच

**जमशेदपुर :** टाटानगर बक्सर एक्सप्रेस में 30 अप्रैल बुधवार तक एक अतिरिक्त जनरल कोच लगेगा। यात्रियों की भीड़ के कारण दक्षिण पूर्व रेलवे जोन से यह आदेश आया है। इससे इससे आसनसोल झाझा होकर बिहार के दानापुर पटना आरा बिहटा समेत स्टेशनों के यात्रियों को आवागमन में सहूलियत होगी। बताया जाता है कि बिहार मार्ग की सभी ट्रेनों में अभी शादी विवाह के लग्न को लेकर भीड़ चल रही है। इससे हर श्रेणी में वेटिंग है। लिहाजा लोग जनरल कोच में सवार हो रहे हैं ताकि किसी तरह घर पहुंच सके।

## संदिग्धों से वास्ता रखने वाले कई लोग एटीएस के रडार पर

**धनबाद :** आतंकी संगठन अलकायदा और आईएसआईएस से जुड़े संगठन हिज्ब-उत-तहरीर के संदिग्ध आतंकियों की एटीएस कुंडली खंगाल रही है। वासेपुर, भूली और कोडरमा से गिरफ्तार चारों से वास्ता रखने वाले एक दर्जन लोग एटीएस के रडार पर हैं। प्रारंभिक पूछताछ के बाद एटीएस ने कई लोगों को भले ही छोड़ दिया है, लेकिन उनकी गतिविधियों पर नजर है।
एटीएस ने वासेपुर के अलीनगर में रहने वाले गुलफाम हसन, भूली के आजाद नगर अमन सोसाइटी व शमशेर नगर गली नंबर 3 में रहनेवाले आयान जावेद और उसकी पत्नी शबनम परवीन तथा अमन सोसाइटी गेट नंबर में किराए के मकान में रहने वाले शहजाद आलम के पास से आधा दर्जन से अधिक मोबाइल, लैपटॉप, डायरी और अन्य दस्तावेज जब्त किए हैं। आरोपियों के पास से जब्त सभी इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की फोरेंसिक जांच होगी। मोबाइल और लैपटॉप की विस्तृत जांच में कई साक्ष्य सामने आने की उम्मीद है। साक्ष्य के आधार पर भविष्य में और गिरफ्तारियों की संभावना जताई जा रही है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि सभी आरोपी अपने नेटवर्क के लोगों से वर्चुअल कॉल से जुड़े थे।
सोशल मीडिया के जरिए इनका ब्रेन वॉश किया गया था। धार्मिक कट्टरपंथी होने के साथ-साथ सभी अपने संपर्क के लोगों को देश और सरकार के प्रति भड़काते थे। सोशल मीडिया के जरिए सभी एक नेटवर्क से जुड़े थे। एटीएस पूरे नेटवर्क को खंगाल रही है। साथ ही दूसरे राज्यों में बैठे इनके आकाओं का भी पता लगाया जा रहा है। एटीएस को शबनम के ठिकाने से कई फर्जी आधार कार्ड मिले हैं। एटीएस को शक है कि आयान जावेद फर्जी आधार कार्ड बनाने के काम में शामिल था। इस मामले में भी जांच चल रही है।
अनुराग कश्यप की फिल्म गैंग्स ऑफ वासेपुर ने वर्ष 2012 में रातोंरात वासेपुर को भारत में प्रसिद्धि दिलाई थी। फिल्म से पहले गैंगस्टर फहीम खान के कारनामों के कारण भी आसपास के राज्यों में वासेपुर को लोग जानते थे। पिछले तीन-चार सालों में दुबई में छिपे प्रिंस खान की कारस्तानी के कारण वासेपुर चर्चा में था। अब एटीएस की छापेमारी से वासेपुर एक बार फिर से चर्चा में है। इससे वासेपुर के साथ-साथ जिले की भी किरकिरी हो रही है।

# बिहार के मुख्य सचिव रह चुके आमिर सुबहानी ने 60 वर्ष की उम्र में की दूसरी शादी

बिनय मिश्रा

**पटना :** बिहार के पूर्व मुख्य सचिव आमिर सुबहानी ने 60 साल की उम्र में दूसरी शादी की है. बच्चों की सहमति से उन्होंने दूसरी शादी करने का फैसला लिया है. इसी हफ्ते उनका निकाह हुआ है, जिसमें परिवार के सदस्य शामिल हुए. दोनों बच्चे भी मौजूद रहे. बुधवार को दावत-ए-वलीमा का आयोजन पटना के अनीसाबाद स्थित पाटलिपुत्र कॉन्टिनेंटल होटल में हुआ था, जिसमें खास लोगों को आमंत्रित किया गया था. इस मौके पर सियासतदां समेत सभी मेहमानों ने उन्हें शादी की मुबारकबाद दी.

**तीन साल पहले हुआ था पत्नी का इंतकाल**

तीन साल पहले सीढ़ी से गिर जाने की वजह से उनकी पहली पत्नी 45 वर्षीया डॉ. सादिका यासमीन का इंतकाल हो गया था. इस घटना के लंबे समय बाद उन्होंने कुछ दिन पहले ही दूसरी शादी की. इस निकाह में उनके दोनों बच्चे और परिवार के सदस्य मौजूद रहे. आमिर सुबहानी एक बेटे और एक बेटी के पिता हैं. दोनों बच्चों की सहमति के बाद ही उन्होंने दूसरी शादी की.



**भोजपुर के डीएम के रूप में हुई थी पहली पोस्टिंग**

आमिर सुबहानी 1987 बैच के बिहार कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी हैं. आमिर सुबहानी 1987 बैच की यूपीएससी-सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई) के टॉपर रह चुके हैं. आमिर सुबहानी 1987 में वढरउ में फ्ल्ल'-1 प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी हैं.1993 में पहली बार भोजपुर जिले में डीएम बनकर गए थे, फिर वह 1994 में पटना में जिला कलेक्टर के रूप में नियुक्त किए गए थे. आमिर सुबहानी सबसे अधिक समय तक गृह विभाग के प्रधान सचिव के पद पर रहनेवाले नौकरशाह हैं.

**सीवान जिले के बहुआरा गांव में लिया था जन्म**

1978 बैच के आईएएस और बिहार के पूर्व मुख्य सचिव आमिर सुबहानी बिहार के सीवान जिले के बहुआरा गांव के रहने वाले हैं. पांचवी कक्षा में ही उन्होंने आईएएएस बनने का सपना देखा था. सरकारी स्कूल में पढ़कर वो आज इस मुकाम तक पहुंचे हैं. इन्हें किताबों से शुरू से लगाव है. किताबों को पढ़ना इन्हें ज्यादा अच्छा लगता है. वो बिहार के कई जिलों में डीएम भी रहे हैं. बिहार विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन भी बनाये गये.गौर तलब हो कि श्री सुबहानी अविभाजित बिहार के समय पश्चिम सिंहभूम चाईबासा के भी उपायुक्त रह चुके हैं।

# किडनैप हुई 12वीं की छात्रा जमशेदपुर से बरामद

**जमशेदपुर :** चांडिल से किडनैप हुई लड़की को पुलिस ने जमशेदपुर के आजादनगर से रविवार तड़के बरामद कर लिया। इसके साथ ही आरोपी युवक तस्लीम अंसारी को भी गिरफ्तार कर लिया। दिन में आगजनी और पथराव में आठ अन्य को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने 126 पर केस दर्ज किया है, जिसमें 100 अज्ञात हैं।
चांडिल के नीमडीह के झिमड़ी में रविवार को बवाल के दूसरे दिन सन्नाटा पसरा रहा। बाजार बंद रहे। भारी मात्रा में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। शनिवार को युवती के अपहरण के दो दिन बाद विरोध में एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के घरों और दुकानों में आग लगा दी थी। पुलिस के लाठीचार्ज पर पथराव से हालात बेकाबू हो गए। चार पुलिसकर्मी भी घायल हुए। इसके बाद पहुंचे डीसी और एसपी ने फ्लैग मार्च किया था।
झिमड़ी के युवक तस्लीम अंसारी ने गुरुवार को युवती (इंटर की छात्रा) को अगवा किया था। नीमडीह थाना प्रभारी संतन तिवारी ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया गया है। एसडीओ विकास कुमार राय ने बताया कि युवती की बरामदगी के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। स्थिति पूरी तरह सामान्य है।
चांडिल एसडीओ विकास कुमार राय ने बताया कि आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है व युवती को सकुशल बरामद कर लिया गया है। झिमड़ी की स्थिति पूरी तरह से सामान्य है। चांडिल के नीमडीह का झिमड़ी शनिवार को बवाल के दूसरे दिन पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। झिमड़ी में हालात पर नजर रखने के लिए 15 मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। शनिवार को यहां हुई आगजनी एवं पुलिस के वाहनों में पथराव की घटना के दूसरे दिन भारी मात्रा में महिला पुलिस बल की भी तैनाती की गई थी। इक्का-दुक्का दुकान को छोड़कर झिमड़ी बाजार पूरी तरह से बंद रहा और बाजार

# गुमलाएसपी ने गुरदरी थाना और बिशनपुर थाना का किया निरीक्षण

मेट्रो रेज संवाददाता

**गुमला :** गुमला पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह ने गुमला जिला के संवेदनशील गुरदरी थाना ( पिकेट )और बिशुनपुर थाना का निरीक्षण किया और विशेष कर सीमावर्ती बॉर्डर क्षेत्र थाना प्रभारियों के साथ विशेष संपर्क स्थापित करते हुए, सक्रिय अपराधकर्मियों , सहित भाकपा माओवादी - जेजेएमपी झागुर ग्रुप की गिरफ्तारी अभियान तेज करने संबंधित अति आवश्यक निर्देश दिया गया, और महिलाओं से संबंधित अपराधों की रोकथाम हेतु , स्थानीय स्कूल कॉलेज आदि में जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश ही दिया गया , और अपने-अपने थाना क्षेत्र के मुख चौक चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने तथा अपराध नियंत्रण के संबंध में संबंधित थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया , साथ ही साथ पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह ने थाना भवन, थाना परिसर एवं पुलिस कर्मियों के रहने वाले बैरक का भी निरीक्षण किया , उक्त बैरक में रहने वाले पुलिस



पदाधिकारी , कोमियो अपने बैरक को साफ सफाई रखने पर उन्होंने विशेष जोर दिया, निरीक्षण के पश्चात थाना में पदस्थापित सभी पुलिस पदाधिकारी , चौकीदारों के साथ थाना परिसर में एक आवश्यक बैठक करते हुए उन्होंने सभी उपस्थित लोगों को निर्देश किया गया की अपने अपने क्षेत्र और बीट से संबंधित सभी जानकारियां रखेंगे और विशेष रुचि लेकर 24 घंटे अलर्ट होकर निगरानी रखेंगे तथा अधिक से अधिक सूचनाओं का संकलन करेंगे, अनुमंडल पदाधिकारी गुमला सुरेश प्रसाद यादव एवं अंचल निरीक्षक गुमला को अनुपालन हेतु विशेष निर्देश दिया गय, उक्त निरीक्षण के पूर्व में पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आंचल गुमला, थाना प्रभारी गुरदारी, थाना प्रभारी बिशनपुर एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में गुरदरी थाना और बिशनपुर थाना का बारी-बारी से गहन निरीक्षण किया गया और उक्त निरीक्षण के क्रम में थाना से संबंधित सिरिस्ता में संधारित होने वाले सभी पंजी संचिकाओं का रख - रखाव के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया गया।

# सड़क दुर्घटना में सहायक शिक्षक की घटनास्थल पर हुई दर्दनाक मौत

### पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं

मेट्रो रेज संवाददाता

**गुमला :** गुमला जिला मुख्यालय से महज कुछ दूरी पर स्थित सिलम ढलान के समक्ष शनिवार गोकुल नगर गुमला निवासी सह सहायक शिक्षक 50 वर्षीय दीनानाथ केसरी अपने बाइक में सवार होकर रायडीह प्रखंड मुख्यालय में बीआरसी परीक्षा देने जा रहे थे, इसी क्रम में छत्तीसगढ़ की तरफ से आ रहे अनियंत्रित तेज रफ्तार से आ रहे बीड़ी पत्ता लोड एक लाइन ट्रक ने उन्हें कुतरते हुए घटनास्थल से फरार होने में सफल रहा लेकिन रांची के तरफ जा रहे हैं उक्त ट्रक को सिसई थाना पुलिस ने पकड़ कर उक्त जब्त ट्रक के चालक को हिरासत में लेते गए , आवश्यक छानबीन और पूछताछ शुरू कर दी हैं, बताया जाता है



कि उक्त ट्रक और बाइक में सीधी जोरदार टक्कर होने से सहायक शिक्षक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी, मृत सहायक शिक्षक राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुगाकांटा में बर्ष 1994 में अपना योगदान दिया था और तब से वह उक्त स्कूल में ही कार्यरत थे , उक्त दुघर्टनास्थल से आनन-फानन में इलाज के लिये , पुलिस जवानों ने उन्हें घटनास्थल से उठकर गुमला सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया, उक्त दुखदाई समाचार सुनकर उनकी बच्चे,परिवार और परिजनों में पहाड़ टूट गया और उनका रो-रो कर बुरा हाल है , बाद में पुलिस ने उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेजवाया गया जहां पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं।

## तिलाईडीह में नल जल योजना चार साल से अधूरी, ग्रामीण नाराज

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के पोटका प्रखंड के तिलाईडीह गांव में जल जीवन मिशन के तहत 2021-22 में नल जल योजना शुरू की गयी है. लेकिन चार साल बीतने के बाद भी यह योजना आज तक पूरी नहीं हो पायी है, योजना अधूरी रहने के कारण ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं. जिसको लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर अपना गुस्सा जाहिर किया है. साथ ही सरकार से जल्द पानी आपूर्ति शुरू करने की मांग की है. इस बाबत गांव के ग्राम प्रधान सीता राम किस्कू कहते हैं कि गांव में पाइपलाइन तो बिछा दी गयी है, लेकिन सोलर प्लेट और मोटर अब तक नहीं लग पाये हैं. इस कारण ग्रामीणों को गर्मी के मौसम में भीषण पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है. सीता राम किस्कू ने बताया कि करोड़ों रुपये की इस योजना से अब तक एक बूंद पानी भी नहीं मिला है. ग्रामीणों ने इस लापरवाही के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर सरकार से जल्द कार्रवाई की मांग की है, ताकि इस गर्मी में पेयजल संकट से निजात मिल सके.

## नाबालिक लड़की के शव का हुआ पहचान

मेट्रो रेज संवाददाता

**गुमला :** गुमला सदर थाना पुलिस ने गत शुक्रवार को धोधरा बेहरा टोली में एक नाबालिग 14 वर्षीय किशोरी ने एक बरगद पेड़ में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी, बाद में उक्त घटना की सूचना मिलने ही गुमला सदर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें उक्त घाटनास्थल पर पहुंचकर उक्त अज्ञात नाबालिक किशोरी के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु , गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेजवाकर उक्त शव की पहचानीं हेतु , नियमानुसार 72 घंटे के लिए शवगृह में रखवाया गया था, बाद में उक्त आत्महत्या का समाचार प्रकाशित होते ही उक्त अज्ञात युवती के शव की पहचानीं बंगडू ग्राम निवासी बुधराम उरांव की 14 वर्षीय नाबालिग लड़की अनामिका कुमारी के रूप में हुई , मृतक अनामिका कुमारी धोधरा बेहरा टोली निवासी अपनी बड़ी मौसी निर्मला टोप्पो के घर में रहकर पढ़ाई करती थी और वह गत शुक्रवार को एक बरगद के पेड़ पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी , अबतक उक्त आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है , गुमला सदर थाना पुलिस ने उक्त शव का पोस्टमार्टम कराकर उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया हैं और उक्त आत्महत्या कांड की गहराई से अनुसंधान कर रहे हैं।

## तापमान में आई गिरावट, मौसम ठीक होने से बाजार में बढ़ाई भीड़

**जमशेदपुर :** तापमान में लगातार तीसरे दिन गिरावट देखने को मिली। सोमवार को 2 डिग्री तापमान नीचे गिरा और 22.8 डिग्री पर पहुंच गया। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों के अनुसार अगले दो-तीन दिनों बाद से तापमान में फिर से वृद्धि देखने को मिलेगी। हालांकि अभी तापमान में गिरावट से लोगों ने राहत की सांस ली और दिन में धूप का असर बहुत तेज नहीं रहा जिससे बाजार में भी लोग दिखे।

# झुण्ड से बिछड़े जंगली हाथियों ने दो घरों को किया ध्वस्त

### एफसीआई गोदाम का शटर तोड़कर चावल को खाया और बर्बाद किया

### पीड़ितों ने वन विभाग से मुआवजे की गुहार लगाई

गुमला : गुमला जिला अंतर्गत स्थित भरनो प्रखंड में एक बिगड़ैल और आक्रोर्षित हांथी ने सरकारी एफसीआई गोदाम भरनो का शटर तोड़कर दस बोरा चावल खा जाने की बात बताई जा रही हैं, उक्त एफसीआई गोदाम के मैनेजर धीरेंद्र सोरेन ने बताया है की बीते रात लगभग 12:00 एक जंगली हाथी ने एफसीआई गोदाम भरनो का शटर तोड़कर गोदाम में रखे चावल खो गया और काफी मात्रा में बर्बाद कर दिया हैं, उक्त घटना गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गई है , इसके अलावा जकिया टोली निवासी सोमारी उरांइन के घर को ध्वस्त करते हुए,पांच बोरा धान खा गया हैं, अन्य घरेलू सामग्री को भी बर्बाद कर दिया हैं , इसके अलावा एक अन्य घटनाक्रम में



हाथियों के झुण्ड से बिछड़ा, बिगड़ैल और आक्रोर्षित एक जंगली हांथी ने कामडारा प्रखंड स्थित सरिता पंचायत के पिंम्पी बांसटोली ग्राम निवासी शिवनारायण सिंह के घर को उक्त हांथी ने ध्वस्त कर दिया और घर में रखें धान , मडूवा एवं घरेलू सामग्रीयों को बुरी तरह से तहस- तहस नहस कर डाला हैं , पीड़ित परिवार ने रात के अंधेरे में भाग कर अपनी जान बचाई और शनिवार को अपने पंचायत के मुखिया धीरेंद्र सोरेन को उक्त घटना की जानकारी देते हुए एवं उक्त घर ध्वस्त का फोटोग्राफ देते हुए , वन विभाग से मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई है , जिला में प्रतिवर्ष हाथियों का एक बड़ा झुंड - सारंडा जंगल से गुमला - लोहरदगा और सिमडेगा जिला सहित आसपास के विभिन्न क्षेत्रों में ,विशेषकर बॉर्डर क्षेत्रों और वन क्षेत्रों में निवास करने वाले ग्रामीणों के मिट्टी के बने घर और जान-माल का नुकसान कर चले जाते हैं , ज्ञातव्य हैं की सारंडा जंगल से प्रत्येक वर्ष आने वाले हांथियों का विशाल झुण्ड (उक्त हांथियो की मेमोरी पावर काफी स्ट्रांग होता है, और उक्त हाथी अपने - आने जाने - वाले - उक्त क्षेत्रों और रास्तों को वह कभी नहीं भुलाते हैं ) जो प्रत्येक वर्ष उक्त क्षेत्रों में आसानी से प्रवेश करता है , और समय-समय पर वह आता जाता रहता है और काफी उत्पात मचाते हुए , आम नागरिकों के घर - खेत - खलिहान - फसल आदि को बर्बाद कर , तहस - नहस कर देते रहते हैं, और मिट्टी के बने उक्त घरों को आसानी से ध्वस्त कर उक्त घरों में रखें घरेलू सामग्री चावल , दाल , आटा , आदि को चटकर ( खा ) जाते हैं और इस दौरान कोई व्यक्ति अगर गलती से भी उनके सामने आ जाता हैं , तो उन्हें अपना दुश्मन मानते हुए , उक्त बिगड़ैल और आक्रोर्षित हांथी , उन्हें जान से मार देते हैं या गंभीर रूप से घायल कर देते हैं, उक्त सभी बातों को जानते-समझते हुए, ?भी वन विभाग अंजना और मूकदर्शक बनकर तमाशा देखती रहती हैं , फलस्वरूप समय-समय पर ग्रामीणों के बीच गुस्सा और आक्रोश फूट पड़ता है, तब उनके द्वारा उग्र आंदोलन और उग्र प्रदर्शन किया जाता है फिर भी वन विभाग के मंत्री से लेकर संत्री तक और पदाधिकारीयों से लेकर कर्मचारीयों तक अपने अपने कानों में जूं नहीं रेंगती हैं और मूकदर्शक बनकर टुकुर टुकुर देखते रहते और जहां-जहां उनका अपना फायदा होता है, वहां वहां वह अपना रहस्यमई कमल दिखा जाते हैं ।